सुविचार
याद रखें, अन्याय और गलत से समझौता करने से बड़ा कोई अपराध नहीं है।
-सुभाष चंद्र बोस

Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Ranchi ● Sunday, 13 April 2025 ● Year : 03 ● Issue : 88 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

Vaani Kapoor Pledge To... 12

SARAFA

सोना	:	8,575
चांदी	:	108.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

पीके सिंह सहित कई पुलिस कर्मियों का ट्रांसफर

RANCHI : गैंगस्टर अमन साहू का एनकाउंटर करने वाले इंस्पेक्टर डॉ. प्रमोद कुमार सिंह का झारखंड एटीएस से ट्रांसफर कर दिया गया है। पीके सिंह का तबादला रामगढ़ जिले में किया गया है। पीके सिंह के साथ-साथ कई अन्य इंस्पेक्टर, सब-इंस्पेक्टर और पुलिस कर्मियों का भी तबादला अन्य जिलों में किया गया है। इसके अलावा 10 अन्य पुलिसकर्मियों का भी तबादला किया गया है। सब इंस्पेक्टर पंकज किशोर सिंह को एटीएस से रामगढ़, सब इंस्पेक्टर सूबेदार यादव को एटीएस से रामगढ़, सब इंस्पेक्टर रोशन बाड़ा – एटीएस से रामगढ़, हवलदार राकेश कुमार को जामताड़ा से रामगढ़, हवलदार राजीव कुमार को लोहरदगा से रामगढ़, आरक्षी मोहम्मद आफताब आलम को एटीएस से रामगढ़, आरक्षी मंतोष कुमार को एटीएस से बोकारो, आरक्षी विजय कुमार को एटीएस से बोकारो, आरक्षी उत्तम कुमार को एटीएस से बोकारो, आरक्षी मुकेश कुमार रजवार को एटीएस से रामगढ़ भेजा गया है। डीआईजी कार्मिक के द्वारा तबादले के संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है।

सेना के जेसीओ शहीद तीन आतंकी भी ढेर

JAMMU : शनिवार को जम्मू-जिले के अखनूर में आतंकवादियों से मुठभेड़ में 9 पंजाब रेजिमेंट के जेसीओ कुलदीप चंद शहीद हो गए। अखनूर के केरी बट्टल इलाके में शुक्रवार देर रात एनकाउंटर शुरू हुआ था। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेरा हुआ है। सेना ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। वहीं, शुक्रवार को किश्तवाड़ जिले के घने जंगलों में एनकाउंटर के दौरान सुरक्षाबलों ने शुक्रवार देर रात तक 3 आतंकियों को मार गिराया। ऑपरेशन जारी है। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए तीनों आतंकी जैश-ए-मोहम्मद के हैं। इनमें टॉप कमांडर सैफुल्लाह भी शामिल है। इससे पहले 4 और 5 अप्रैल की दरमियानी रात जम्मू में एलओसी पर आरएस पुरा सेक्टर पर बीएसएफ के जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया था। वहीं, 1 अप्रैल को एलओसी पर सेना के एनकाउंटर में 4-5 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मारा गया था। घटना पुंछ में एलओसी पर कृष्णा घाटी सेक्टर के फॉरवर्ड एरिया में हुई थी।

आईडीएफ ने 1000 रिजर्व सैनिकों को नौकरी से निकाला

NEW DELHI : इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने अपने लगभग 1000 रिजर्व सैनिकों को बर्खास्त कर दिया है। इजरायल के सैन्य प्रमुख ईयार जमीर और वायु सेना ने रिजर्विस्टों को बर्खास्त करने का फैसला किया है। हालांकि अभी यह मालूम नहीं है कि ये बर्खास्तगी कब से होगी। इन सैनिकों ने गाजा में चल रही जंग के खिलाफ आवाज उठाई थी और बंधकों की रिहाई को प्राथमिकता देने के लिए तत्काल युद्धविराम की मांग की थी। इजरायल में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में सैनिकों को इस तरह की वजह से नौकरी से निकाला गया है।

टीएसपीसी को झटका : दो सब-जोनल कमांडर सहित 6 उग्रवादी अरेस्ट

PHOTON NEWS LATEHAR : शनिवार को लातेहार पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के दो सब-जोनल कमांडर समेत छह उग्रवादियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार उग्रवादियों में नारायण भोक्ता उर्फ आदित (हेसाबार, बालूमाथ) सबजोनल कमांडर आलोक यादव उर्फ अमरेश यादव (बारा, पांकी,पलामू), एरिया कमांडर अमित दुबे उर्फ छोटे बाबा (पथरई,लेस्लीगंज), महेंद्र ठाकुर व इमरान अंसारी (दोनों बरैनी, चतरा), संजय उरांव उर्फ भगत (अलौदिया,चंदवा) का रहने वाला है। पुलिस ने इनके पास से 315 बोर के चार राइफल, एक रिवॉल्वर, 1102 राउंड गोली, तीन पाउच, दो वर्दी, दो बाइक और नक्सली पर्चा बरामद किया है। इसकी जानकारी एसपी अंजनी कुमार गौरव ने दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बालूमाथ थाना क्षेत्र के हेसाबार-भांग जंगल में टीएसपीसी के नक्सली किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना के बाद बालूमाथ एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम बनाई गई। टीम ने जंगल में घेराबंदी कर सभी उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया।

बालूमाथ थाना क्षेत्र के हेसाबार-भांग जंगल में घेराबंदी कर सबको किया गया गिरफ्तार
एसपी अंजनी कुमार गौरव ने दी जानकारी, गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई

पहले भी जेल जा चुके हैं सभी अपराधी

एसपी ने बताया कि ये सभी अपराधी पहले जेल जा चुके हैं। जेल से छूटने के बाद फिर से टीएसपीसी संगठन को सक्रिय कर रहे थे। लातेहार, गढ़वा, पलामू और चतरा जिले के व्यवसायियों और ठेकेदारों से जबरन वसूली कर रहे थे। पिछले चार-पांच महीने से यह पूरी टीम सक्रिय थी। इनकी गिरफ्तारी से टीएसपीसी को लातेहार जिले में बड़ा झटका लगा है।

- लातेहार, गढ़वा, पलामू व चतरा के व्यवसायियों-ठेकेदारों से कर रहे थे जबरन वसूली
- 315 बोर के चार राइफल, एक रिवॉल्वर, 1102 राउंड गोलियां, तीन पाउच, दो वर्दी, दो बाइक और नक्सली पर्चा बरामद

कोल्हान में आईईडी विस्फोट, जवान शहीद

कोल्हान प्रमंडल के सारंडा जंगल में शनिवार को सुरक्षाबलों व नक्सलियों में मुठभेड़ हुई। इस दौरान नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट कर दिया, जिससे दो जवान घायल हो गए। इनमें एक जवान सुनील धान की इलाज के दौरान मौत हो गई।

विस्तृत खबर पेज-4 पर

भैरमगढ़ इलाके में सुबह-सुबह शुरू हो गया एनकाउंटर
दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर पर जवानों ने तीन नक्सलियों को किया ढेर

BIJAPUR : शनिवार को छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर के पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में जवानों ने तीन नक्सलियों को ढेर कर दिया। तीनों के शव के साथ हथियार बरामद किया गया है। दंतेवाड़ा जिले के एसपी गौरव राय ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि बीजापुर के इंद्रावती क्षेत्र के जंगलों में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी, जिसके बाद करीब 400 जवानों को ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया। जवानों ने 2025 में अब तक 146 नक्सलियों को मार गिराया है।

- बीजापुर के इंद्रावती क्षेत्र के जंगलों में माओवादियों की मौजूदगी की मिली थी सूचना
- डेड बॉडी और हथियार बरामद, रुक-रुक कर होती रही फायरिंग

अपने दौरे के दूसरे दिन रामगढ़ में सीईसी ज्ञानेश कुमार बोले-
झारखंड में लोकतंत्र की जड़ें बेहद मजबूत, ईसी हमेशा वोटर के साथ

PHOTON NEWS RANCHI : शनिवार को भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार झारखंड दौरे के दूसरे दिन रामगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने झारखंड के लोकतंत्र की सराहना की। कहा कि झारखंड प्रदेश में लोकतंत्र की जड़े बेहद मजबूत हैं। यहां सभी मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में शामिल है और वे बढ़-चढ़कर लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेते हैं। चुनाव आयोग (इसी) हमेशा वोटरों के साथ है। उन्होंने कहा कि भारत में ईवीएम मशीन से होने वाला चुनाव भी पूरी तरीके से सुरक्षित है। ना तो कोई इसे हैक कर सकता है और ना ही कोई सवाल खड़ा कर सकता है। झारखंड के मतदाताओं को जोहार शब्द से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यहां की डेमोक्रेसी काफी अच्छी है। बेहतर मतदाताओं से मिलने का सौभाग्य मुझे मिला है। उनके साथ झारखंड के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के. रवि, सहायक निर्वाचन आयुक्त डॉ. नेहा, रामगढ़ डीसी चंदन कुमार, एसपी अजय कुमार और निर्वाचन कार्य से जुटे अधिकारी मौजूद थे।

सभी मतदाता जागरूक, लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़कर लेते हैं भाग

- यहां के बूथ लेवल ऑफिसर और निर्वाचन अधिकारी काफी सजग
- सभी राजनीतिक दलों को यह अधिकार है कि वे अपना पोलिंग एजेंट बूथ पर रखें
- किसी का भी नाम वोटर लिस्ट में जोड़ने या हटाने के लिए उसकी सहमति जरूरी
- ईवीएम पूरी तरह सुरक्षित किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ संभव नहीं

वोटर लिस्ट और चुनाव को लेकर नहीं है कोई आपत्ति

भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि 18 वर्ष पूर्ण कर चुके सभी लोगों के नाम को सूची में जोड़ने के लिए जिले के अधिकारी, बूथ लेवल ऑफिसर और राज्य के निर्वाचन अधिकारी काफी सजग हैं। यही वजह है कि कोई भी अपील ना तो जिले में और ना ही राज्य में लंबित है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार चुनाव के दौरान बूथ लेवल ऑफिसर मौजूद रहते हैं। उसी तरीके से हर राजनीतिक दल को भी यह अधिकार है कि वह अपना पोलिंग एजेंट बूथ पर रखें। किसी का भी नाम वोटर लिस्ट में जोड़ने और हटाने के लिए उन लोगों की सहमति रहती है। किसी भी प्रकार के बदलाव के लिए भी सभी से सहमति ली जाती है।

मां छिन्नमस्तिका मंदिर में की पूजा-अर्चना

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार रामगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने रजरप्पा स्थित प्रसिद्ध मां छिन्नमस्तिका मंदिर में सपरिवार पूजा-अर्चना की और मां का आशीर्वाद लिया। इस दौरान वे मंदिर में आयोजित हवन कार्यक्रम में भी शामिल हुए। मुख्य चुनाव आयुक्त की यह यात्रा धार्मिक और व्यक्तिगत थी।

वॉलंटीयर्स-बीएलओ के साथ की वार्ता

मुख्य चुनाव आयुक्त ने रजरप्पा सीसीएल गेस्ट हाउस में चुनाव के दौरान काम करने वाले वॉलंटीटियर्स और बूथ लेवल ऑफिसर के साथ वार्ता की। उन्होंने कहा कि सभी के सुझाव और कार्यों में कोई कमी नहीं रही है। यही वजह है कि झारखंड में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव बेहद सफल रहे हैं। यहां मतदान का प्रतिशत भी काफी अच्छा रहा है। इससे पहले मुख्य चुनाव आयुक्त ने पिछले चुनावों में भाग लेने वाले वॉलंटीयर से एक्सपीरियंस शेयर कार्यक्रम को संबोधित किया।

राष्ट्रपति को विधेयकों पर तीन महीने के भीतर निर्णय लेना चाहिए : सुप्रीम कोर्ट

NEW DELHI @ PTI : उच्चतम न्यायालय ने पहली बार यह निर्धारित किया है कि राज्यपाल द्वारा रोके गए और राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखे गए विधेयकों पर उन्हें तीन महीने की अवधि के भीतर निर्णय लेना चाहिए। दरअसल चार दिन पहले शीर्ष अदालत ने उन 10 विधेयकों को मंजूरी दी जिन्हें तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखा था। साथ ही न्यायालय ने सभी राज्यपालों को राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर कार्रवाई के लिए समयसीमा निर्धारित की थी। 415 पृष्ठों का यह फैसला शुक्रवार रात 10.54 बजे शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड किया गया। बता दें कि 8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार और राज्यपाल के मामले में ऐतिहासिक फैसला लिया था। अदालत ने कहा था कि राज्यपाल को विधानसभा की ओर से भेजे गए बिल पर एक महीने के भीतर फैसला लेना होगा। इसी फैसले के दौरान अदालत ने राज्यपालों की ओर से राष्ट्रपति को भेजे गए बिल पर भी स्थिति स्पष्ट की। न्यायालय ने कहा, हम गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित समय-सीमा को अपनाना उचित समझते हैं और निर्धारित करते हैं कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा उनके विचारार्थ सुरक्षित रखे गए विधेयकों पर संदर्भ प्राप्त होने की तिथि से तीन माह की अवधि के भीतर निर्णय लेना आवश्यक है।

- राज्यपाल को विस की ओर से भेजे गए बिल पर एक माह में लेना है निर्णय
- 8 अप्रैल को कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार व गवर्नर के मामले में किया था ऐतिहासिक फैसला

राज्यपालों की निष्क्रियता न्यायिक समीक्षा के अधीन

संविधान का अनुच्छेद 200 राज्यपाल को उसके समक्ष प्रस्तुत विधेयक पर स्वीकृति देने, स्वीकृति रोकने या राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखने का अधिकार देता है। उच्चतम न्यायालय ने समयसीमा निर्धारित की और कहा कि इसका अनुपालन न करने पर राज्यपालों की निष्क्रियता न्यायालयों के न्यायिक समीक्षा के अधीन हो जाएगी। न्यायालय ने कहा, विधेयक को मंजूरी न दिए जाने या राज्य मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह पर राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखे जाने की स्थिति में राज्यपाल से तत्काल कदम उठाने की अपेक्षा की जाती है, जो अधिकतम एक महीने की अवधि के अधीन है। आदेश में कहा गया, राज्य मंत्रिपरिषद की सलाह के विपरीत, मंजूरी न दिए जाने की स्थिति में राज्यपाल को अधिकतम तीन महीने की अवधि के भीतर एक संदेश के साथ विधेयक को वापस करना होगा। पीठ ने कहा कि राज्यपाल सहमति को रोक नहीं सकते और पूर्ण वीटो या आंशिक वीटो (पॉकेट वीटो) की अवधारणा नहीं अपना सकते। पीठ ने कहा, अनुच्छेद 201 के तहत अपने कार्यों के निर्वहन में राष्ट्रपति को कोई पॉकेट वीटो या पूर्ण वीटो उपलब्ध नहीं है।

नौकरशाही

बर्फी के लिए कतार

ब्रजेश मिश्र

> झारखंड की नौकरशाही में एक बार फिर बदलाव की चर्चा तेज है। बड़े-बड़े सूरमा अपने-अपने हिसाब से चक्रव्यूह की रचना कर रहे हैं। रणक्षेत्र में अंतिम समय में कौन बाजी मारेगा, यह तो आने वाला समय बताएगा। पढ़िए, अंदर की खबर द फोटोन न्यूज के एग्जीक्यूटिव एडिटर की कलम से।

गुरु अपनी मौज में थे। हाथ में चाय की प्याली और सामने की टेबल पर पड़ा दैनिक समाचार पत्र। कमरे में कर्णप्रिय गीत बज रहा था। तू नज्म नज्म सा मेरे होठों पे ठहर जा, मैं ख्वाब-ख्वाब सा तेरी आंखों में जागूं रे...। न चाहते हुए भी दिमाग सब कुछ भूल कर फिल्म का नाम खोजने लगा। थोड़ी देर बाद याद आया- बरेली की बर्फी। निकोलस बैरेउ के उपन्यास द इन्ग्रेडिएंट्स ऑफ लव पर आधारित यह फिल्म वर्ष 2017 में आई थी। फिल्म का निर्देशन अश्विनी अय्यर तिवारी ने किया था। ढलती उम्र में गुरु की पसंद देखकर दिल सुखद आश्चर्य से भर गया। दरवाजे से अंदर बढ़ते हुए पीछे से आवाज दी। बड़ा रोमांटिक गीत सुन रहे हैं गुरु। आवाज सुनकर गुरु पीछे की तरफ मुड़े। बोले- अरे तुम हो। आओ-आओ। बैठो चाय पिलाता हूं। ऊपरी मन से अनिच्छा जताई, अरे नहीं, नहीं गुरु। मैं तो ऐसे ही चला आया। परेशान मत होइए। गर्मी के मौसम में चाय पीने का मन नहीं है। गुरु बोले- अगर चाय नहीं पीनी है तो शरबत पी लो। हमारे पास हर समस्या का समाधान है। गुरु की यह बात बेहद पसंद आई। सहमति जताते हुए कहा- हां, गुरु यह तो आप सोलह आने सच कह रहे हैं। समाधान तो है आपके पास, इसीलिए अपनी समस्या लेकर अक्सर चला आता हूं। गुरु उत्तर से भाव-विभोर हो गए। बोले-अरे यार ऐसा कुछ नहीं है, आते हो तो अच्छा लगता है। इसी बहाने कुछ नया-पुराना हो जाता है। माहौल बन गया था। सो बिना देर किए बात शुरू की। पूछा- गुरु बरेली की बर्फी छोड़िए, ज्योतिष गणना देखकर यह बताइए कि वनांचल में बर्फी कब बंटने वाली है? सुना है नौकरशाही के

गलियारे वाले कई ग्राहक मिठाई दुकान के आसपास मंडराने लगे हैं। इशारों में पूछा गया सवाल गुरु ठीक से समझ गए। सो, बिना किसी किंतु-परंतु के सीधे जवाब पर आ गए। बोले- मेरा ज्योतिष विज्ञान कहता है कि पिछले महीने शनि ने अपनी चाल बदली है। आने वाले एक माह में इसका असर दिखने लगेगा। राशि के अनुसार अलग-अलग जातक पर इसका अलग-अलग प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। बर्फी किसके हिस्से आएगी, यह तो समय बताएगा, लेकिन काम सबको करना चाहिए। श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कहा- कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि॥ अर्थात तुम्हारा अधिकार सिर्फ कर्म करने में है, कर्मफल पर नहीं...। कहने का अर्थ यह है कि जातक के अधिकार में कर्म करना है। वह बर्फी की दुकान खुलने से पहले पूरी तैयारी के साथ कतार में खड़ा हो सकता है। बर्फी कितनी मात्रा में उपलब्ध होगी? कितने ग्राहकों में बंटेगी? यह सब हरि इच्छा पर निर्भर है।

पहली जून से झारखंड में लागू हो सकती है नई उत्पाद नीति

RANCHI : झारखंड में पहली जून से नई उत्पाद नीति लागू हो सकती है। नई उत्पाद नीति के ड्राफ्ट को विभागीय मंत्री की सहमति के बाद राजस्व पर्षद, वित्त विभाग और विधि विभाग के पास भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक, वित्त विभाग ने प्रस्तावित नीति के कुछ बिंदुओं पर उत्पाद विभाग से जानकारी मांगी है। उत्पाद नीति को संबंधित विभागों से स्वीकृति मिलने के बाद कैबिनेट की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। नई उत्पाद नीति के तहत खुदरा शराब दुकानों का आवंटन ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए एनआईसी द्वारा एक सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है, जिसका परीक्षण विभागीय स्तर पर किया जा रहा है। नई उत्पाद नीति लागू होने के बाद झारखंड में शराब की कीमतें कम होने की संभावना है। इससे राज्य के लोगों को शराब खरीदने में राहत मिल सकती है। वर्तमान में झारखंड में विभिन्न प्रकार की शराब की कीमतें अलग-अलग हैं।

- वित्त विभाग ने कुछ बिंदुओं पर उत्पाद विभाग से मांगी है जानकारी
- संबंधित विभागों से मंजूरी मिलने के बाद कैबिनेट की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा ड्राफ्ट

गंभीर चुनौती साल के धूप वाले करीब तीन सौ दिनों की गुणवत्ता में आ रही गिरावट

देश में सौर ऊर्जा के उत्पादन में खलल डाल रहा बढ़ता वायु प्रदूषण

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK : हमारी ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए नए साधन के रूप में सोलर एनर्जी यानी सौर ऊर्जा का प्रयोग अधिक सस्ता है। सबसे बड़ी विशेषता तो यह है कि इससे किसी भी प्रकार के प्रदूषण की स्थिति पैदा हो ही नहीं सकती है। सोलर एनर्जी के उत्पादन के लिए यह जरूरी है कि अधिक से अधिक दिनों तक धूप उपलब्ध हो, तभी सोलर पैनल अच्छे तरीके से काम करेंगे और उनसे ऊर्जा प्राप्त हो सकेगी। सामान्य रूप से यदि देखा जाए तो देश में साल भर में लगभग 300 दिन धूप वाले होते हैं और इस अवधि में सोलर पैनल आसानी से काम कर सकते हैं। लेकिन हाल के विशेष अध्ययन से मिली जानकारी के अनुसार, वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की वजह से सोलर पैनलों की कार्यक्षमता प्रभावित होने लगी है। फलस्वरूप अपेक्षित मात्रा में सौर ऊर्जा नहीं उत्पन्न हो रही है। इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी यानी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के शोधकर्ताओं के विशेष अध्ययन में ये तथ्य सामने आया है।

जलवायु परिवर्तन की वजह से भी प्रभावित हो रही सोलर पैनलों की कार्यक्षमता
2030 तक अपनी 50 फीसद बिजली गैर-जीवाश्म ईंधनों से उत्पन्न करने का है लक्ष्य

- आईआईटी दिल्ली के शोधकर्ताओं ने पूरी स्थिति का किया है विस्तृत अध्ययन
- एनवायरनमेंटल रिसर्च लेटर्स नामक पत्रिका में शोध के निष्कर्षों को किया गया है प्रकाशित
- बीते कई वर्षों से सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में दुनिया में पांचवें स्थान पर है भारत

सौर पार्कों के विस्तार और छतों पर ऊर्जा उत्पादन को लगातार दिया जा रहा बढ़ावा

वैश्विक जलवायु मॉडल से प्राप्त विकिरण डाटा

शोधकर्ताओं का अनुमान है कि बदलाव के चलते भारत को हर साल कम से कम 840 गीगावाट-घंटे बिजली का नुकसान हो सकता है। यह अध्ययन वैश्विक जलवायु मॉडल से प्राप्त विकिरण डाटा के आधार पर बढ़ते वायु प्रदूषण के प्रभावों को उजागर करता है। सौर पैनल अधिकतम दक्षता पर तभी काम करते हैं, जब तेज धूप, ठंडा परिवेश और हवा का उचित प्रवाह हो।

500 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता

नए अध्ययन के मुताबिक, भारत विश्व स्तर पर बीते कई वर्षों से सौर ऊर्जा उत्पादन में पांचवें स्थान पर है। 2030 तक अपनी 50 फीसदी बिजली गैर-जीवाश्म ईंधनों से उत्पन्न करने का लक्ष्य रखता है। इसके तहत 500 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता स्थापित करने की योजना बनाई गई है, जिसमें से लगभग 20 फीसद सौर ऊर्जा से प्राप्त की जाएगी। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए सौर पार्कों के विस्तार और छतों पर सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। गौरतलब है कि अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की तरह सौर फोटोवोल्टिक ऊर्जा भी मौसम और जलवायु की स्थिति पर निर्भर करती है। भारत में सौर ऊर्जा क्षमता का सटीक आकलन करना आवश्यक है, क्योंकि यहां तेजी से सौर ऊर्जा परियोजनाओं को स्थापित किया जा रहा है।

सात मई को खुल जाएंगे टेक्निकल बिड
झारखंड में एयर एंबुलेंस सेवा के लिए शुरू हो गई टेंडर प्रक्रिया

PHOTON NEWS RANCHI : हेमंत सरकार ने गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए एयर एंबुलेंस सेवा शुरूआत की है। अब सरकार ने एक और कदम बढ़ाते हुए एक एयर एंबुलेंस लीज पर लेने की प्रक्रिया शुरू की है। इसके लिए टेंडर भी जारी कर दिया गया है। इच्छुक एजेंसियां 12 अप्रैल से 5 मई तक टेंडर जमा कर सकती हैं। 7 मई को टेक्निकल बिड खोले जाएंगे। अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (ईएमडी) के तौर पर 7 लाख रुपये और टेंडर डॉक्यूमेंट फीस के तौर पर 5000 रुपये जमा करने होंगे। ऑनलाइन मोड में ही ईएमडी और टेंडर फीस जमा करनी होगी।

- गंभीर मरीजों को आपात स्थिति में मिल सकेगी चिकित्सकीय सेवा
- इच्छुक एजेंसियां 5 मई तक जमा कर सकती है टेंडर, 7 मई को खुले जाएंगे टेक्निकल बिड
- ईएमडी के रूप में 7 लाख और टेंडर डॉक्यूमेंट फीस के तौर पर जमा करने होंगे ₹5000

भारत का दिल : मध्य भारत का यादगार सफर

घुमक्कड़ की पाती

रात की ट्रेन से दिल्ली से ग्वालियर रवाना हुआ। अगली सुबह जैसे ही स्टेशन पर उतरा, हवा में एक अलग ठहराव सा महसूस हुआ। ये शहर शौर्य, संगीत और स्थापत्य का अद्भुत संगम है। सबसे पहले ग्वालियर का किला देखा - पहाड़ी पर स्थित यह भव्य किला दूर से ही अपनी छाप छोड़ता है। किले के अंदर घूमते हुए सास-बहू के मंदिर, तेली का मंदिर और गुजरी महल संग्रहालय देखे। हर पत्थर पर इतिहास बोलता है। दोपहर का खाना ग्वालियर की जलेबी और कचौड़ी के साथ किया और फिर निकल पड़ा जय विलास पैलेस की ओर, जहाँ सिंधिया राजवंश की भव्यता आज भी जीवित है। वहाँ का चांदी का झूला और दुनिया का सबसे भारी झूमर देख कर आंखें खुली की खुली रह गईं। शाम को सुनसान झील के किनारे बैठकर सूरज डूबते देखना और दूर से किले की झलक -बस वहीं ठहर जाना चाहता था। रात ग्वालियर के एक बजट होटल में रुका -700 रुपये में साफ-सुथरा कमरा और स्वादिष्ट भोजन। सच कहूँ तो पहला दिन बहुत ही सुंदर और यादगार रहा। इस जगह पर आकर जानकारी के साथ साथ दिल को भी सुकून मिला।



संजय शेफर्ड
नई दिल्ली

1. हमें अपना फीडबैक, सुझाव या टिप्पणियां देने के लिए दिए गए बार कोड को स्कैन करें या मेल करें।
2. आप हमें अपनी रचनाएं, कविता या आलेख भी भेज सकते हैं। जिसे हम अपने आने वाले अंक पर प्रकाशित करेंगे।

SCAN ME

Email- thephotonnewsjharkhand@gmail.com

खजुराहो में धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष का दर्शन

तीसरा दिन खजुराहो जाने की ठानी, जो कला, संस्कृति और स्तब्ध कर देने वाले अपने सौंदर्य के लिए जाना जाता है। मैंने सुबह-सुबह बस ली और निकल पड़ा खजुराहो की ओर, जो झाँसी से लगभग 4 घंटे का सफर था। रास्ता हरियाली, खेतों और गाँवों से भरा था, जो मध्य भारत की सादगी और सुंदरता दिखा रहा था। खजुराहो पहुँचते ही उसकी अलग ही दुनिया सामने थी। यह सिर्फ मंदिरों का समूह नहीं, बल्कि भारतीय शिल्पकला का एक जीवंत संग्रहालय है। सबसे पहले देखा पश्चिमी समूह के मंदिर, जिसमें कंदरिया महादेव मंदिर सबसे प्रसिद्ध है। इन मंदिरों की खास बात है इन पर उकेरी गई शिल्पकला -जीवन के हर पक्ष को दर्शाते हुए ये मूर्तियाँ न केवल सुंदर हैं, बल्कि मानव अनुभव की विविधताओं का सम्मान भी करती हैं। यहाँ कामकला की मूर्तियाँ, युद्ध दृश्य, नृत्य, संगीत और साधना -सब एक साथ एक ही पत्थर पर जीवंत दिखते हैं। मंदिर परिसर में एक गाइड से बातचीत हुई। उसने बताया कि ये मंदिर सिर्फ कामकला के लिए नहीं, बल्कि जीवन के संतुलन का प्रतीक हैं झ धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष। दोपहर को एक साधारण ढाबे में खाना खाया और फिर निकला पास के रानेह जलप्रपात की ओर, जो खजुराहो से 20 किमी दूर है। चट्टानों के बीच बहता झरना और प्रकृति की शुद्धता -इस यात्रा का सबसे शांत और सुंदर अनुभव था। शाम को खजुराहो स्टेशन से ट्रेन पकड़ी और देर रात तक दिल्ली की ओर लौट पड़ा। शरीर थका हुआ था लेकिन मन उत्साहित और अनुभवों से भरा।

इतिहास, भक्ति व कला का संगम

मध्य भारत की यह तीन दिन की यात्रा जैसे इतिहास, भक्ति और कला तीनों रंगों में रंगी हुई थी। ग्वालियर ने इतिहास और वीरता से जोड़ा, ओरछा और झाँसी ने शौर्य और भक्ति का संतुलन दिखाया और खजुराहो ने भारतीय कला और दर्शन की गहराई का अहसास कराया। इस पूरे सफर में कुल खर्च लगभग 9000 रुपये रहा -अगर और बचत करनी हो तो लोकल स्टे और साधारण भोजन से 7000 रुपये में भी यात्रा संभव है। इस यात्रा को मैंने बहुत ही अच्छे से एन्जॉय किया और इस यात्रा ने मेरे जीवन में कई नए अनुभवों को जोड़ा जो मेरे जीवन को समृद्ध करते हैं। दिल्ली जैसे बड़े शहर से अगर थोड़ा बाहर निकलो, तो कुछ ही घंटों में इतिहास, कला और संस्कृति से लबालब दुनिया आपका इंतजार कर रही होती है। मध्य भारत सिर्फ भूगोल का केंद्र नहीं, भारत की आत्मा का आईना है। सादा, सुंदर और सजीव। यह यात्रा मेरे लिए न सिर्फ एक ट्रिप थी, बल्कि खुद को थोड़ा और जानने, समझने और देखने का मौका भी। अगली बार जब मन घूमने का करे तो उत्तर या दक्षिण नहीं बल्कि एक बार भारत के दिल की ओर भी देखिए। शायद आप खुद से एक और मुलाकात कर आएं।

गौरवान्वित कर देता है रानी झांसी का किला : दूसरा दिन ओरछा और झाँसी के हिस्से में था। इस जगह पर प्रकृति और विरासत का जो संगम है, उसके बारे में मैंने पहले से सुन रखा था। अगली सुबह जल्दी उठकर ट्रेन पकड़ी और निकल पड़ा ओरछा की ओर, जो ग्वालियर से लगभग 3 घंटे का सफर है। ओरछा का स्टेशन छोटा है, लेकिन वहाँ उतरते ही जो शांति और ठहराव महसूस होता है, वह बड़े शहरों में दुर्लभ है। ओरछा बेतवा नदी के किनारे बसा छोटा सा कस्बा है, लेकिन इसकी विरासत विशाल है। सबसे पहले पहुँचा राजा महल और जहांगीर महल, जहाँ की भित्ति चित्रकला और स्थापत्य मन मोह लेते हैं। महलों की छत से दिखती बेतवा नदी और उसके किनारे खड़े छतरियों का दृश्य बेहद रोमांटिक और शांतिदायक था। इस जगह पर नदी होने की वजह से इतनी शीतल हवा आती है कि वहाँ से उठने का मन नहीं करता है।ओरछा का राम राजा मंदिर भी खास है। देश का एकमात्र मंदिर जहाँ भगवान राम को राजा के रूप में पूजा जाता है। दोपहर में लोकल ढाबे में झांसी का मसालेदार आलू-पराठा और दही खाया और फिर निकल पड़ा झाँसी की ओर, जो बस से सिर्फ 30 मिनट की दूरी पर है। झाँसी पहुँचते ही मन में लता मंगेशकर की आवाज गूंजने लगी -झाँसी की रानी की कहानी। झाँसी का किला देखा, जहाँ रानी लक्ष्मीबाई ने अंग्रेजों से भीषण युद्ध किया था। किले की दीवारों से शहर का दृश्य और युद्ध का इतिहास एक साथ झलकता है। शाम को झाँसी के बाजारों में घूमा, कुछ लोकल हस्तशिल्प खरीदे और रात को एक होमस्टे में रुका -मात्र 900 रुपये में आत्मीय अनुभव मिला। दोपहर को एक साधारण ढाबे में खाना खाया और फिर निकला पास के रानेह जलप्रपात की ओर, जो खजुराहो से 20 किमी दूर है। चट्टानों के बीच बहता झरना और प्रकृति की शुद्धता -इस यात्रा का सबसे शांत और सुंदर अनुभव था। शाम को खजुराहो स्टेशन से ट्रेन पकड़ी और देर रात तक दिल्ली की ओर लौट पड़ा। शरीर थका हुआ था लेकिन मन उत्साहित और अनुभवों से भरा।

गीत



डॉ. उमा सिंह 'किसलय'
जमशेदपुर

'दिन हर दिन ढल रहा'

दिन हर दिन ढल रहा
संझा घनेरे कोप में
रोशनी रुकने न देती
दिन को घनेरे कोप में
दिन हर दिन...

जिंदगी करवट बदलती
दिन में भी और रात में
इंसानियत के पल बदलते
तन्हाइयों के ताप में
मिट्टी देह मिट्टी में मिल
संसार से चली जाएगी
मौन बन आँसू बहाते
अपने पराए साथ में
दिन हर दिन.....

सृजन की देहरी मिले
जीवन के हर इक मोड़ पे
आदमी ही आदमी का
बनता सहारा तोम में
सुख दुख शेफालिका सम निरंतर
पतझड़ वसंत सम आएगी
धैर्य रख संवेदनाएं
प्रेम बनती रोम में
दिन हर दिन.....

, जमशेदपुर

साक्षात्कार

...इसीलिए कथाकारों के आदर्श बने हुए हैं प्रेमचंद

कहानी की दुनिया में लौहनगरी के निवासी जयनंदन एक जाना-पहचाना नाम हैं। टाटा स्टील के पूर्व कर्मचारी जयनंदन न केवल युवा ज्ञानपीठ पुरस्कार के विजेता रहे, बल्कि श्रीलाल शुक्ल सम्मान से विभूषित होने वाले नगर के इकलौते कहानीकार-साहित्यकार हैं। इन्होंने साहित्य की लगभग हर विधा में बेहतरीन लेखन किया है। हास्य-व्यंग्य से लेकर समाज के ज्वलंत विषयों पर अपनी कलम चलाई, तो कई नाटक भी लिखे, जिसका कई-कई बार मंचन भी हुआ। इनकी कहानियां पाठ्य पुस्तकों में भी शामिल हुई हैं। एक लंबे कालखंड में इन्होंने कहानी-उपन्यास से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी कलम से विशिष्ट पहचान बना ली है, इन सबके बावजूद लगातार लिख रहे हैं। 'द फोटोन न्यूज' से विशेष साक्षात्कार में जयनंदन ने अपने जीवन के ढेरों अनुभव साझा किए। यहां प्रस्तुत है, उनसे बातचीत के संपादित अंश....

Q. आज भी कथा जगत में प्रेमचंद मानक क्यों बने हुए हैं

देखिए, प्रेमचंद की तरह लिखने का प्रयास कई लेखकों-कहानीकारों ने किया, लेकिन कोई उनकी बराबरी नहीं कर सका। इसकी वजह है कि प्रेमचंद ने जितने विषयों पर लिखा, कोई नहीं लिख पाया। गंवई अंदाज, स्थानीय बोली और रहन-सहन से ग्रामीण संस्कृति को उन्होंने जिस रोचक तरीके से पाठकों के सामने प्रस्तुत कर दिया, कोई विषय नहीं छोड़ा, इसलिए वे मानक बन गए। शुरूआती दिनों में वे जो भी विषय उठाते थे, नया होता था। उनकी कहानियां पाठ्य पुस्तकों में पांचवीं-छठी से एमए-पीएचडी तक पढ़ाई जाती है। लेखन की शुरूआत उन्होंने उर्दू से की थी, लेकिन बाद में हिंदी में लिखने लगे। वे हंस के संस्थापक संपादक थे। उनकी दृष्टि व्यापक थी।

Q. आपने लेखन की शुरूआत कैसे की

मेरा जन्म बिहार के नवादा जिला के मिलकी गांव में हुआ। बचपन से किशोरावस्था तक गांव गांव में ही बीता। मेरे लिखने की शुरूआत बचपन में ही हो गई थी। पिताजी ज्यादा पढ़े-लिखे नहीं थे, लेकिन वे मुझे कॉमिक्स की किताबें लाकर देते थे। पढ़ने की रुचि बढ़ी। दरअसल, मुझे गांव की गरीबी और शोषण ने ही लिखने के लिए प्रेरित किया। गांव में जमींदार था, जो काफी अत्याचार करता था। वहीं से पूंजीपतियों के विरोध में विद्रोह की भावना उठी। मेरी मनोदशा ऐसी हो गई थी कि या तो मैं लिखता या नक्सली बन जाता।

Q. जमशेदपुर कैसे आना हुआ

मेरे गांव में प्राइमरी स्कूल तक उर्दू में ही पढ़ाई होती थी। मैं भी तीन जमात यानी तीसरी कक्षा तक उर्दू में ही पढ़ा। उर्दू में ही रामायण-महाभारत भी पढ़ा। इसके बाद हिंदी में पढ़ाई हुई और मैट्रिक पास किया। इसी बीच 17 वर्ष की उम्र में मेरे एक रिश्तेदार ने बताया कि टाटा स्टील में अप्रेंटिस की बहाली निकली है, तो मैंने भी फॉर्म भर दिया। संयोगवश मेरा चयन भी हो गया। मैं जब यहां आया, तो शुरूआत में कुछ पढ़ने को ज्यादा नहीं मिलता था। फिर भी तलाश करते हुए आदित्यपुर की एक किताब दुकान से किराए पर उपन्यास-कहानी की किताबें लाकर पढ़ता था। हालांकि, उनमें कई गैर-साहित्यिक पुस्तकें भी होती थीं, लेकिन मुझे पढ़ने का नशा लग गया था। इसके साथ ही लिखने की रुचि भी हुई।

Q. आपकी पहली कहानी कब छपी

मेरी पहली कहानी 1982 में सारिका पत्रिका में छपी, जो नागरिक मताधिकार पर थी। इसके बाद कादंबिनी में पुरस्कृत कहानी के रूप में टापू छपी थी। फिर साप्ताहिक रविवार में दमनचक्र और धर्मयुग में भी कहानियां छपीं। उसके संपादक धर्मवीर भारती ने तीन कहानियां प्रकाशित की थीं। अब तक मेरी 35 पुस्तकें छप चुकी हैं।

Q. युवा ज्ञानपीठ पुरस्कार कब मिला

युवा ज्ञानपीठ पुरस्कार 1991 में उपन्यास श्रम एव जयते के लिए मिला था। इसके बाद 2022 में श्रीलाल शुक्ल सम्मान मिला। दोनों ही पुरस्कार अपने आप में महत्वपूर्ण हैं। इन पुरस्कारों की खास बात यह है कि यह पुरस्कार वर्ष में एक ही साहित्यकार को मिलता है।

Q. नई पीढ़ी के कहानीकारों में कौन अच्छा लिख रहे हैं

नई पीढ़ी में भी कई लोग अच्छी कहानियां लिख रहे हैं। इनमें राकेश मिश्र-वर्धा, चंदन पांडेय, मनोज पांडेय, पराग मांदलेय, मनीषा कुलश्रेष्ठ, गीतांजलि श्री, किंशुक गुप्ता, पंकज सुधीर, नीलाक्षी सिंह, मीनाक्षी सिंह सहित कई नाम लिए जा सकते हैं, जिनमें संभावना दिखती है।

Q. कहानीकार-साहित्यकार का किसी वाद से जुड़ना क्यों जरूरी है

देखिए कहानी या साहित्य के लिए एक दृष्टिकोण होना आवश्यक है। आप जब भी कोई विषय उठाते या रखते हैं, तो आपका कोई न कोई नजरिया पाठकों तक पहुंचता है। यदि दृष्टिकोण या नजरिया ही नहीं होगा, तो आप भटक जाएंगे। वाद से जुड़ने में फायदा यह है कि आपको एक दृष्टि मिलती है। मेरी समझ से लेखक को कोई न कोई दृष्टिकोण रखना ही चाहिए। यदि आप अपने मन की संतुष्टि के लिए लिखते हैं, तो और बात है। यदि समाज की बेहतरी के लिए लिखना चाहते हैं, तो उसे आप एक दिशा तभी दे पाएंगे, जब आपकी दृष्टि स्पष्ट होगी।

BRIEF NEWS

कांग्रेस ने अंबेडकर का किया अपमान : कर्मवीर

RANCHI : भारतीय जनता पार्टी रांची महानगर जिला द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन शनिवार को रातू रोड स्थित भाजपा कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के झारखंड संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कर्मवीर सिंह ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा डॉ. अंबेडकर और संविधान का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि आज संविधान की प्रतियां लहराने वाले वही लोग हैं जिनके पूर्वजों ने आपातकाल लगाकर संविधान को कलंकित किया और बाबा साहब को कानून मंत्री पद से इस्तीफा देने को मजबूर किया। उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने हमेशा बाबा साहब को उचित सम्मान दिया है।

झारखंड को मिलेंगे तीन नए आईपीएस

RANCHI : यूपीएससी सिविल सर्विस एग्जाम से झारखंड को तीन नये आईपीएस मिलेंगे। उल्लेखनीय है कि यूपीएससी सिविल सर्विस एग्जाम 2023 में सेलेक्ट हुए दो सौ अभ्यर्थियों को कैडर अलॉट कर दिया गया है। झारखंड को इस बैच से तीन नये आईएएस मिलेंगे। जिसमें से एक को होम कैडर मिला है। ऑल इंडिया 617 रैंक अंकित सिन्हा को होम कैडर झारखंड मिला है। वहीं आल इंडिया 89 रैंक बिहार की साक्षी जमुआर को झारखंड कैडर मिला है, जबकि 611 रैंक तमिलनाडु के राजकुमार जयाराजू को झारखंड कैडर मिला है। वहीं झारखंड के 92 रैंक प्रखर कुमार गुजरात कैडर आवंटित हुआ है।

आरटीई के तहत नामांकन की तिथि 20 तक बढ़ी

RANCHI : शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 के अंतर्गत सत्र 2025-26 में गैर सहायता प्राप्त निजी विद्यालयों (अल्पसंख्यक विद्यालयों को छोड़कर) की प्रवेश कक्षाओं में 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब अभिभावक 20 अप्रैल तक आवेदन कर सकेंगे। यह निर्णय रांची के डीसी मंजूनाथ भजन्त्री के निदेर्शानुसार लिया गया है। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल निर्धारित थी। आरटीई के तहत इन आरक्षित सीटों पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (जिनकी पारिवारिक आय 72,000 वार्षिक से कम हो) तथा वंचित समूहों जैसे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय, 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले बच्चे एवं अनाथ बच्चों का नामांकन किया जाता है। विद्यालयों की प्रवेश कक्षा में नामांकन के लिए आवेदन वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन भरा जा सकता है। आवेदकों की सुविधा के लिए यह तिथि 10 दिन बढ़ाई गई है। अन्य सभी शर्तें पूर्ववत लागू रहेंगी।

झारखंड में धान खरीद की तिथि 30 अप्रैल तक बढ़ी

RANCHI : राज्य सरकार ने खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के लिए धान खरीद की अंतिम तिथि 15 दिन बढ़ा दी है। अब किसान 30 अप्रैल तक अपनी फसल बेच सकेंगे। खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। सरकार का कहना है कि धान खरीद की समय सीमा बढ़ने से अधिक किसान धान खरीद का लाभ उठा सकेंगे। इससे किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए अधिक समय मिलेगा और वे अपनी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त कर सकेंगे। अब तक 24 जिलों में कुल 34 .07 लाख क्विंटल धान की खरीद हुई है, जो 60 लाख क्विंटल के लक्ष्य का लगभग 56 .77 प्रतिशत है।

राजधानी में बढ़ा कुत्तों का आतंक, आए दिन लोगों को बना रहे शिकार

ओपीडी में हर दिन पहुंच रहे कुत्ता काटने के 250 मामले

VIVEK SHARMA @ RANCHI : राजधानी में कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। हर दिन ये लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि हर दिन सदर में एंटी रेबीज वैक्सीन लगाने के लिए 200 से अधिक लोग पहुंच रहे हैं। इनमें कई मामले फॉलो अप के भी होते हैं। जबकि 100 नए केस होते है जो वैक्सीन की डोज लेने के लिए पहुंचते हैं। वहीं पूरे महीने की बात करें तो हर महीने 6000 से ज्यादा लोग वैक्सीन लगाने के लिए आ रहे हैं। किसी महीने में ये आंकड़ा 7500 को भी पार कर गया है।

सदर अस्पताल में हर माह एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाने आ रहे 6000 से अधिक लोग

कुत्तों के काटने से होती है हाइड्रोफोबिया नाम की बीमारी

रेबीज से बचाव के लिए वैक्सीन जरूरी

कुत्ते के काटने के बाद अगर रेबीज हो जाए तो 100 प्रतिशत मृत्यु दर होती है। ऐसे में जरूरी है कि लोग कुत्ते के काटने को नजरअंदाज न करें और तुरंत डॉक्टर से इलाज करवाए। डॉक्टरों की माने तो रेबीज से बचने के लिए समय रहते इलाज करवाना और एंटी-रेबीज वैक्सीनेशन कोर्स पूरा करना जरूरी है।



कुत्ता के काटने पर क्या करें

कुत्ता के काटने पर घाव को तुरंत साबुन और बहते पानी से कम से कम 15 मिनट तक धोएं। कुत्ते या जानवर के काटने के तुरंत बाद डॉक्टर से सहायता लें। एंटी-रेबीज टीकाकरण का पूरा कोर्स लें। पालतू जानवरों को भी एंटी रेबीज का टीका लगवाएं। जानवरों के साथ काम करते समय सुरक्षा को लेकर इंतजाम करें।

तेजी से बढ़ रहे हैं आंकड़े

अस्पताल के आंकड़ों पर नजर डाले तो दिसंबर 2024 में 6,655 एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाए गए। इसके बाद जनवरी 2025 में 7,518 और इंजेक्शन लगाए गए। हालांकि फरवरी और मार्च के डेटा को को अभी कंपाइल नहीं किया गया है। लेकिन, आंकड़े बता रहे हैं कि डॉग बाइट के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में रेबीज के होने का खतरा भी अधिक है। सदर अस्पताल के डिप्टी सुपरिंटेंडेंट डॉ. बिमलेश सिंह ने बताया कि अब हमारे यहां कभी एंटी रेबीज वैक्सीन की कमी नहीं होती। ऐसा सिस्टम बनाया गया है कि स्टॉक खत्म होने से पहले वैक्सीन मंगा ली जाती है।

इन बातों को न करें नजरअंदाज

- जानवरों के काटने या खरोंच लगने पर भी उसे नजरअंदाज न करें।
- उपचार में देरी न करें।
- घाव को धोने के बाद उसे कसकर न ढकें।
- डॉक्टर की सलाह लिए बिना कुत्ता काटने के बाद खुद से इलाज करने की कोशिश न करें।
- जानवरों को न छेड़ें और न ही उन्हें चिढ़ाएं।
- एंटी-रेबीज वैक्सीन की खुराक पूरी लें।

इन लक्षणों पर दें ध्यान » रेबीज के लक्षण आमतौर पर बुखार, थकान और सिरदर्द जैसे फ्लू जैसे लक्षणों से शुरू होते हैं। इसके बाद वायरस के बढ़ने पर न्यूरोलॉजिकल समस्याएं होती हैं। काटने के स्थान और वायरस की मात्रा के आधार पर कुछ दिनों से लेकर एक वर्ष से अधिक तक व्यापक रूप से असर होता है। मस्तिष्क के करीब काटने से अक्सर लक्षण जल्दी शुरू होते हैं। शुरूआती लक्षणों में काटने वाली जगह पर झुनझुनी या खुजली शामिल हो सकती है। जबकि एडवांस स्टेज में बेचैनी, निगलने में कठिनाई, मतिभ्रम, दौरे और यहां तक कि पक्षाघात भी हो सकता है।

अभियान : प्रशासक के निर्देश पर टीम ने शुरू की कागजात की जांच

नगर निगम सख्त, बिना लाइसेंस के चल रहे खटालों पर होगी कार्रवाई

PHOTON NEWS RANCHI : रांची नगर निगम ने राजधानी में बिना अनुमति संचालित हो रहे अवैध खटालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए सघन जांच अभियान शुरू कर दिया है। निगम प्रशासक संदीप सिंह के निर्देश पर यह कार्रवाई शुरू की गई है। वहीं खटाल संचालन से जुड़े वैधानिक दस्तावेजों की जांच की जा रही है। प्रशासक ने आदेश दिया है कि बिना लाइसेंस के अवैध रूप से चल रहे खटालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं उनपर एक्ट के तहत फाइन भी लगाया जाएगा। निगम की टीम ने खटाल संचालकों को जल्द से जल्द आवश्यक लाइसेंस प्राप्त करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही यह भी कहा गया है कि लाइसेंस जारी होने के बाद खटाल संचालकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि पशुओं को साफ-सुथरा रखा जाए और खटाल क्षेत्र के आसपास किसी भी प्रकार की गंदगी न फैलाई जाए। नियमों की अनदेखी करने वाले खटाल संचालकों पर झारखंड म्युनिसिपल एक्ट 2011 की धारा 319(3) के तहत 2000 तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है। यदि उल्लंघन लगातार जारी रहता है, तो प्रतिदिन 50 अतिरिक्त जुमार्ना वसूला जाएगा। इसके अलावा झारखंड राज्य ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सेवा शुल्क नियमावली 2016 के तहत सार्वजनिक स्थलों पर गोबर या अन्य पशु अपशिष्ट डालने पर 1000 तक का जुमार्ना और लगाया जा सकता है। नगर निगम ने यह भी चेतावनी दी है कि लगातार नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें जुमार्ने के अलावा खटाल बंद करने की कार्रवाई भी की जा सकती है।

जल्द से जल्द खटाल का लाइसेंस लेने का दिया गया निर्देश

नगर निगम की 31 पार्किंग अवैध वसूली पर करें कंप्लेन

रांची नगर निगम शहर को जाम मुक्त बनाने और ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए निगम क्षेत्र के अंतर्गत कुल 31 वाहन पड़ावों का संचालन कर रहा है। इनमें से 16 वाहन पड़ाव स्थलों की बंदोबस्ती ई-ऑक्शन के माध्यम से की जा चुकी है, जबकि शेष 15 की बंदोबस्ती जल्द की जाएगी। अधिकारियों ने इसे लेकर स्पष्ट निर्देश जारी किया है कि अगर कहीं भी अवैध रूप से पार्किंग चार्ज की वसूली की जाती है तो ठेकेदार पर कार्रवाई की जाएगी। इतना ही नहीं तय से ज्यादा चार्ज लेने की भी लोग शिकायत दर्ज करा सकते है। इसकी शिकायत हेल्पलाइन नंबर 18005701235 पर कर सकते है।

10 मिनट फ्री पार्किंग

नगर निगम की ओर से पार्किंग शुल्क को लेकर नई व्यवस्था की गई है। इसके तहते पहले 10 मिनट तक पार्किंग निःशुल्क होगी। इसके बाद 10 मिनट से 3 घंटे तक दोपहिया वाहनों के लिए 10 और चारपहिया वाहनों के लिए 30 शुल्क निर्धारित किया गया है। नगर निगम ने आम जनता से अपील की है कि केवल अधिकृत वाहन पड़ाव स्थलों पर ही अपने वाहन पार्क करें और अवैध वसूली या पार्किंग स्थल से जुड़ी किसी भी समस्या की तुरंत सूचना दें।

ये हैं निगम के पार्किंग स्थल

हनुमान मंदिर टैक्सी स्टैण्ड वाहन पड़ाव, रंगरेज गली वाहन पड़ाव, शारदा बाबू लेन (दो पहिया वाहन), एमिटी यूनिवर्सिटी से मान्यवर शोरूम तक वाहन पड़ाव, वेद टेक्सटाइल से निशान ऑटोमोबाईल तक वाहन पड़ाव, हीरो शोरुम से लेकर भी-मार्ट तक (भाया कम्पयूटर नेटवर्क एवं राज अस्पताल), सैन्को के बगल से एसी मार्केट के गेट तक वाहन पड़ाव, विशाल मेगामार्ट से हनुमान मंदिर तक वाहन पड़ाव, प्रेमसन्स मोटर कांके रोड के सामने वाहन पड़ाव, अंजुमन प्लाजा के विपरीत (वुल हाउस के पास) त्रिकोणीय स्थल वाहन पड़ाव, रांची क्लब कॉम्पलेक्स के बाहर (बैंक ऑफ महाराष्ट्र से इन्डसइन्ड बैंक) तक वाहन पड़ाव, कचहरी चौक (काली मंदिर से कमिश्नर ऑफिस के उत्तर सड़क किनारे तक) वाहन पड़ाव, सिटाडेल (ब्लैकबेरी) बिल्डिंग के बाहर से लेकर होराइजन होण्डा तक, अल्बर्ट एक्का चौक से सर्जना चौक भाया सदर अस्पताल के बाउन्ड्री साईड तक वाहन पड़ाव, यूनिवर्सिटी गेट के पास कार पार्किंग, न्यूलियस मॉल के सामने वाहन पड़ाव, हरिओम टावर के सामने वाहन पड़ाव, जयपाल सिंह स्टेडियम के सामने वाहन पड़ाव, रिलायंस मार्ट कांके रोड वाहन पड़ाव, सिदो कान्हू पार्क के सामने वाहन पड़ाव, गुप्ता भंडार से लेदर वर्ल्ड भाया इंडिया होटल वाहन पड़ाव, बालकृष्णा सहाय रोड वाहन पड़ाव, अटल स्मृति वेंडर मार्केट भू-तल वाहन पड़ाव, रांची पहाड़ी वाहन पड़ाव, स्मार्ट बाजार मेन रोड वाहन पड़ाव, पेंटालून्स मॉल, डंगरा टोली चौक के समीप वाहन पड़ाव, नाइस फर्नीचर से लेकर भारत शू तक भाया रोस्पा टावर एवं बैंक ऑफ इण्डिया के कॉर्नर तक, नागाबाबा खटाल सब्जी बाजार भू-तल वाहन पड़ाव, स्मार्ट बाजार कांके रोड वाहन पड़ाव, चर्च कॉम्पलेक्स के सामने से लेकर नाईस फर्निचर तक वाहन पड़ाव, मेपल प्लाजा अशोक नगर रोड वाहन पड़ाव।

किसी भी स्थिति में लोगों को नहीं होनी चाहिए पेयजल की समस्या : मंजूनाथ भजंत्री

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक करते रांची डीसी।

- संबंधित अधिकारियों को चापाकलों के मरम्मत कार्य में तेजी लाने का निर्देश

PHOTON NEWS RANCHI : शनिवार को रांची जिले में गर्मी के दौरान संभावित पेयजल संकट को लेकर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी पंचायत मुखिया, प्रखंड विकास पदाधिकारी और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जिले में किसी भी परिस्थिति में पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को चापाकलों के मरम्मत कार्य में तेजी लाने और प्रखंडवार चापानलों की अद्यतन सूची जल्द उपलब्ध कराने को कहा। उपायुक्त ने बैठक के दौरान कुछ पंचायत मुखिया से सीधे संवाद करते हुए पेयजल की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने चापानल मरम्मती और नए चापानलों के भौतिक सत्यापन की सूची तत्काल भेजने का निर्देश दिया। बैठक में पंचायतों के सुदृढ़ीकरण पर भी विशेष बल दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि पंचायतों को सशक्त बनाकर ही आधारभूत सुविधाएं मजबूत की जा सकती हैं। उन्होंने पंचायत स्तर पर बुनियादी ढांचे, प्रशासनिक क्षमता और ग्राम रोजगार योजनाओं को सशक्त करने के लिए ठोस प्रयास करने की बात कही।

ग्रामीण विकास मंत्रालय के अपर सचिव ने लिया आजीविका योजनाओं का जायजा

एनआरएलएम के सहयोग से महिलाओं के जीवन में आया सकारात्मक बदलाव

PHOTON NEWS RANCHI : शनिवार को केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के अपर सचिव टीके अनिल कुमार दो दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंचे हैं। दौरे के पहले दिन वे खूंटी गए, जहां उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत चल रही विभिन्न योजनाओं का जायजा लिया। अपर सचिव ने सखी मंडलों की महिलाओं से बात की। इस दौरान महिलाओं ने अपने अनुभव उनसे साझा किए। उन्होंने बताया कि इस मिशन से उनके जीवन में कैसे सकारात्मक बदलाव आए हैं। उन्होंने अपनी सफलता की कहानियां सुनाई और वर्तमान में आ रही चुनौतियों पर भी चर्चा की। अपर सचिव टीके अनिल कुमार और जेएसएलपीएस की सीईओ कंचन सिंह ने तोरपा प्रखंड के तपकरा गांव में संकुल संगठन प्राइवेट लिमिटेड का दौरा किया। यहां लोगों ने उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। टीके अनिल कुमार और कंचन सिंह ने गठजोर गांव में आजीविका संसाधन केंद्र का निरीक्षण किया, जहां खेती और पशुपालन को लेकर ट्रेनिंग दी जाती है। साथ ही पौधों की भी बिक्री होती है।

सखी मंडलों और पलाश ब्रांड की सराहना

घर की छत पर गिरा 11 हजार वोल्ट का बिजली तार, टला बड़ा हादसा

RANCHI : बेड़ो प्रखंड के पुरिया कठर टोली में शनिवार की शाम में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब 11 हजार वोल्ट का बिजली तार अचानक टूटकर संतोषी कच्छप की मां के घर की छत पर गिर पड़ा। घटना शाम करीब 5 बजे की है। इससे पूर्व भी मकान के ऊपर से गुजर रहे इस हाई वोल्टेज तार ने उनके पालतू डॉगी की मौके पर ही जान ले ली। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त संतोषी कच्छप की मां भी वहीं मौजूद थीं, लेकिन वह समय रहते हट गई, जिससे उनकी जान बच गई। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि इससे पहले भी कई बार यह तार टूटकर नीचे गिर चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

रांची के लालगुटुवा में राज्य स्तरीय जन सेवक समागम का हुआ आयोजन

झारखंड के वीएलडब्ल्यू कृषि विभाग के अंतर्गत करेंगे कार्य : शिल्पी नेहा तिर्की

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड के ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता (वीएलडब्ल्यू) अब 90 प्रतिशत कार्य कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के अंतर्गत करेंगे। यह घोषणा कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रांची के लालगुटुवा में आयोजित राज्य स्तरीय जन सेवक समागम के दौरान की। उन्होंने कहा कि वीएलडब्ल्यू की नियुक्ति भले ही कृषि विभाग ने की है, लेकिन अभी तक वे पंचायती राज समेत अन्य विभागों में कार्य कर रहे थे। अब यह स्थिति बदलेगी और वीएलडब्ल्यू की भूमिका मुख्यतः कृषि विभाग से जुड़ी रहेगी। उन्होंने बताया कि विभागीय समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि राज्य भर के वीएलडब्ल्यू का 90 प्रतिशत कार्य कृषि विभाग से संबंधित होगा। कार्यक्रम में जन सेवक संघ के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार, प्रांतीय महामंत्री लोकेश कुमार, कोषाध्यक्ष लव कुमार पासवान समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर मंत्री ने यह भी कहा कि वीएलडब्ल्यू का नाम जन सेवक से बदलकर कृषि से जोड़ने का निर्देश दिया गया है ताकि उनकी पहचान विभागीय भूमिका से स्पष्ट हो सके। विभागीय योजनाओं की जानकारी के लिए वर्ष में दो बार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शिल्पी नेहा तिर्की ने यह भी कहा कि वीएलडब्ल्यू की पदोन्नति समेत अन्य मांगों पर विभाग गंभीरता से विचार करेगा।

मनमानी फाइन काटने में तत्परता दिखाने के बावजूद नियमों का किया जा रहा उल्लंघन

ट्रैफिक पुलिस की कड़ाई का भी लोगों पर नहीं दिखता असर

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी रांची में हर स्तर पर ट्रैफिक पुलिस एक्टिव है। नियमों का उल्लंघन करने पर फाइन काटी जा रही है। हर तरह की सख्ती के बावजूद इसके बावजूद बाइक व स्कूटी सवार शहर में यातायात नियमों का पालन करने के लिए तैयार नहीं हैं। जान की परवाह किए बिना लोग सड़कों पर बिना हेलमेट पहने ही सरपट गाड़ी दौड़ा रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस ऐसे लोगों से सख्ती से निपट रही है। पिछले 6 महीने में बिना हेलमेट पहने बाइक व स्कूटी चलाते 3 .14 लाख लोगों का चालान काटा गया है। सबसे ज्यादा चालान बगैर हेलमेट पहने गाड़ी चलाने के आरोप में ही कटा है। बाजवूद इसके बिना हेलमेट पहने गाड़ी चलाने वालों पर पूर्ण रूप से लगाम नहीं लग पा रही है। इसके बाद नो पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने वाले 18 हजार वाहन सवारों को भी पकड़ा गया है, जिनका ट्रैफिक पुलिस ने चालान काटा है।

6 माह में बिना हेलमेट के 3.14 लाख बाइक चालकों का काटा गया चालान

नो पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने वाले 18 हजार वाहन सवारों को पुलिस ने पकड़ा

- गलत साइड से ड्राइविंग करने वालों की संख्या में तुलनात्मक रूप से आई है कमी
- अक्टूबर 2024 से मार्च 2025 तक ओवर स्पीड ड्राइविंग के आए 3720 मामले

मेन रोड में ट्रैफिक रूल्स का अधिक उल्लंघन

गलत साइड से ड्राइविंग करने वाले वाहन सवारों की संख्या पहले की तुलना में काफी कम हुई है। पिछले 6 महीने में 278 वाहन सवारों को ही रॉन्ग साइड से ड्राइविंग करते हुए पकड़ा गया है। ओवर स्पीड गाड़ी ड्राइव करते हुए 3720 वाहन सवारों को पकड़े जाने के बाद ट्रैफिक पुलिस ने चालान काटा है। यह आंकड़ा अक्टूबर 2024 से मार्च 2025 तक का है। वाहन सवार मेन रोड में सबसे ज्यादा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। ड्यूटी पर तैनात जवान उनके खिलाफ कार्रवाई भी कर रहे हैं। विभिन्न जगहों पर सीसीटीवी कैमरे से चालान काट रहे हैं। जहां कैमरा नहीं लगा है, वहां जवान मैनुअल ही वाहन सवारों को पकड़ कर फाइन काटा जा रहा है। आंकड़ों पर गौर करें तो सबसे ज्यादा ट्रैफिक नियम मेन रोड में ही तोड़े जा रहे हैं। रतन टॉकीज चौक पर सबसे ज्यादा वाहन सवारों का चालान कट रहा है। अंजुमन प्लाजा के पास भी ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों की संख्या काफी ज्यादा है।

गैर-अधिग्रहित भूमि के क्रय-विक्रय के लिए उपायुक्त को एनओसी देने के लिए सात दिनों का वक्त

RANCHI : गैर-अधिग्रहित भूमि के क्रय-विक्रय के लिए उपायुक्त अब हर हाल में सात दिन के अंदर अपना एनओसी देंगे। राजस्व भूमि सुधार विभाग के सचिव चंद्रशेखर ने इस आशय का निर्देश सभी उपायुक्त को दिया है। सचिव ने कहा है कि भू-अर्जन अधिनियम के तहत यदि किसी प्लॉट का आशिंक भू-अर्जन होता है तो उस प्लॉट के शेष गैर-अधिग्रहित भूमि के क्रय-विक्रय के लिए रैयतों को कोई परेशानी न हो इस पर सरकार के स्तर से विचार किया जा रहा था। यह निर्णय लिया गया कि गैर-अधिग्रहित भूमि के निबंधन के लिए यदि अवर निबंधक, निबंधक द्वारा एनओसी की मांग की जाती है तो उपायुक्त सम्यक रूप से इसकी जांच करने बाद अधिकतम सात कार्य दिवस के अंदर जिला अवर निबंधक, निबंधक को अपना एनओसी प्रदान करेंगे। ऐसे में अब वैसे प्लॉट जिनका पूरा अधिग्रहण नहीं हुआ और कुछ शेष रह गया तो उसकी आसानी से क्रय-विक्रय किया जा सकेगा।

अंबेडकर जयंती पर मानव श्रृंखला बनाने को लेकर कांग्रेस ने की बैठक

PHOTON NEWS RANCHI : डॉ. भीम राव अंबेडकर जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर रांची के अंबेडकर चौक से स्वामी विवेकानंद चौक, देवेंद्र मांझी चौक होते हुए डॉ. राजेंद्र प्रसाद चौक तक संविधान की प्रति लेकर मानव श्रृंखला का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी मे कांके विधानसभा के विधायक सुरेश बैठा कांके स्थित अपने आवासीय कार्यालय मे कांके विधानसभा क्षेत्र के कांके, बुढ़मू, और खलारी प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष और कार्यकर्ताओ के साथ तैयारी बैठक की?। इस दौरान विधायक ने कार्यकर्ताओ को निर्देश दिया कि कांके विधानसभा से कम से कम 500 लोगो की भागीदारी हो। मौके पर विधायक सुरेश बैठा ने कहा की भाजपा अपने आंतरिक एजेंडों के अनुसार धीरे-धीरे भारत के संविधान पर हमला कर रही है। अपने इसी एजेंडे के तहत संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों में संशोधन कर रही है, जिससे देश की जनता को संविधान से मिले अधिकारों मे कटौती की जा रही है।

समाचार सार

जनशताब्दी व इस्पात को समय पर चलाने की मांग

GHATSILA : घाटशिला मंडल कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक के नाम स्टेशन प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा, जिसमें

जनशताब्दी व इस्पात एक्सप्रेस को समय पर चलाने की मांग की गई। कार्यकताओं ने कहा कि कुछ महीनों से दोनों ट्रेनें दो-दो घंटे तक लेट से चल रही हैं, जबकि ये ट्रेनें घाटशिला के लिए जीवनरेखा हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में घाटशिला मंडल अध्यक्ष कन्हैया शर्मा, तापस चटर्जी, मोहम्मद फारूक, सुरजीत मोहरी, नरेश महाकुड़, सुभाष दास, सुब्रत दे सहित अन्य शामिल थे।

हनुमान जन्मोत्सव पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

GHATSILA : हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर शनिवार को

घाटशिला और आसपास के क्षेत्रों में मंदिरों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ी। दाहीगोड़ा के हनुमान मंदिर, घाटशिला हनुमान मंदिर, चुनुडीह हनुमान मंदिर समेत अन्य मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना हुई। मंदिरों को रंगबिरंगी लाइटों से सजाया-संवारा गया था। दाहीगोड़ा हनुमान मंदिर में पुजारी सच्चिदानंद पांडेय व उनके पुत्र प्रशांत पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कराई। इधर, हनुमान जन्मोत्सव पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, घाटशिला की ओर से दाहीगोड़ा हनुमान मंदिर परिसर में सेवा शिविर लगाया गया था। यहां श्रद्धालुओं को शरबत, चना व गुड़ का वितरण किया गया। सेवा शिविर का नेतृत्व रूपा दीदी ने किया। उनके साथ कई भाई-बहनें सक्रिय रहीं, जिनमें कल्पना, अर्चना, सुनीता, सीता, अनीता, उमा, मीरा, अचिंतो, श्यामसुंदर, मेघनाथ, संतोष भाई आदि शामिल थे।

पाता परब में महिलाओं संग झूमीं जोबा मांझी

ANANDPUR : पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहपुर स्थित आनंदपुर

प्रखंड में शनिवार को दो दिवसीय पाता परब मनाया गया, जिसमें संगीत की धुन पर सांसद जोबा मांझी भी महिलाओं संग झूमीं। समीज आश्रम के मुक्ति पत्थर में चैत पूर्णिमा के अवसर पर दो दिवसीय पाता परब का सांसद ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि पर्व-त्योहार हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा हैं। अपनी संस्कृति और रीति रिवाज को बचाने के साथ आगे बढ़ाने की जरूरत है। मौके पर ग्रामीणों ने सांसद के समक्ष क्षेत्र की समस्याओं को रखा और समाधान की मांग की। सांसद ने बताया कि पूरे मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र में विधायक जगत माझी के साथ मिलकर विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही हैं। मालूम हो कि मुक्ति पत्थर में 1964 से पाता परब या पर्व का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में ग्राम माझी सुशील हेम्ब्रम, सुरेश हांसदा, रामसोरो मरांडी, रमेश मरांडी, विनोद हेम्ब्रम, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सिलबियूस तिर्की, सचिव राजू सिंह, अजय कच्छप, आशीष गंताइत, पिंटू जैन समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

जगजीत सिंह की स्मृति में संगीत संध्या आज

JAMSHEDPUR : पं. चंद्रकांत आप्टे म्यूजिक फाउंडेशन एवं उत्तर प्रदेश संघ संयुक्त रूप से गजल गायक जगजीत सिंह की गजलों की एक शाम आयोजित करने जा रहा है। यह कार्यक्रम रविवार शाम 7 बजे से बिष्टुपुर स्थित मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में होगा। इस दौरान स्थानीय कलाकार जगजीत सिंह को संगीतमय श्रद्धांजलि देंगे। यह जानकारी पं. चंद्रकांत आप्टे म्यूजिक फाउंडेशन के सचिव पंकज झा ने दी है।

वर्गीस कोसी मेमोरियल शतरंज प्रतियोगिता आज से

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिला शतरंज संघ के तत्वाधान में रॉयल एनफील्ड एसपी वेंचर्स द्वारा प्रायोजित वर्गीस कोसी मेमोरियल अंडर-19 एवं अंडर-13 शतरंज प्रतियोगिता 13 अप्रैल से शुरू होगी। सीताराम रुंगटा रीक्रिएशन हॉल (टाउन क्लब) में होने वाली एकदिवसीय प्रतियोगिता में छह चक्र का खेल 10 मिनट प्लस 5 सेकंड इंक्रीमेंट के साथ खेला जाएगा। वर्गीज कोसी टाटा कॉलेज के छात्र रहे हैं। उन्हें विश्व शतरंज संघ से अंतरराष्ट्रीय मास्टर का खिताब मिला था। उनका निधन पिछले वर्ष चेन्नई में हुआ था।

अनुमंडल अस्पताल में लगी अल्ट्रासाउंड मशीन

CHAKRADHARPUR : चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल में

अल्ट्रासाउंड मशीन लगा दी गई है। अब इसका लाभ जल्द मिलेगा। अनुमंडल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अंशुमन शर्मा ने बताया कि चक्रधरपुर अनुमंडल क्षेत्र के लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उदघाटन के पश्चात सिर्फ गर्भवती महिलाओं को ही सुविधा मिलेगी।

सारंडा में नक्सली मुठभेड़ : आईईडी ब्लास्ट में जवान शहीद, एक घायल

पश्चिमी सिंहभूम के जराईकेला थाना क्षेत्र में दोपहर 2.30 बजे हुई भिड़ंत

RAJESHWAR PANDEY CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र जराईकेला में शनिवार को सुरक्षाबलों व नक्सलियों में मुठभेड़ हो गई, जिसमें एक जवान शहीद हो गया, जबकि दूसरा जवान घायल है। दोपहर करीब 2.30 बजे राधापोरा जंगल में हुई मुठभेड़ के दौरान नक्सलियों ने घात लगाकर आईईडी विस्फोट कर दिया, जिसमें झारखंड जगुआर के कांस्टेबल सुनील धान गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्होंने इलाज के दौरान रांची में दम तोड़ दिया। वहीं कोबरा-203 बटालियन के हेड कांस्टेबल विष्णु सैनी भी इस विस्फोट में घायल हुए हैं। उनका इलाज रांची में चल रहा है।

पश्चिम कोल्हान रेंज के डीआईजी मनोज रतन चौथे ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर जराईकेला थाना क्षेत्र के राधापोरा जंगल में सुरक्षाबलों द्वारा सघन सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था। इसी दौरान घात लगाए नक्सलियों से मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से कई राउंड गोलियां चलीं। मुठभेड़ के बीच ही नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट कर सुरक्षाबलों को भारी नुकसान पहुंचाने की कोशिश की।

घायल जवानों को हेलीकॉप्टर से ले जाते सुरक्षाबल

शहीद को दी श्रद्धांजलि

झारखंड पुलिस और सुरक्षा बलों ने कांस्टेबल सुनील धान को श्रद्धांजलि दी है, जिनकी वीरगति ने एक बार फिर दिखा दिया कि नक्सलवाद के खिलाफ यह लड़ाई आसान नहीं है, लेकिन सुरक्षाबल अपने बलिदान से इस चुनौती का डटकर सामना कर रहे हैं।

शहीद सुनील धान

लगातार तेज हो रहा नक्सल विरोधी अभियान

पश्चिमी सिंहभूम के सारंडा, पोड़ाहाट और कोल्हान के अन्य जंगल लंबे समय से नक्सल प्रभावित रहे हैं। हाल के महीनों में राज्य और केंद्र सरकार के संयुक्त प्रयासों से यहां नक्सल विरोधी अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। सुरक्षा बलों को कई महत्वपूर्ण सफलताएं भी मिली हैं, कई नक्सली कैंप नष्ट किए गए हैं और भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद व विस्फोटक बरामद किए गए हैं।

नक्सली हमले फिर भी जारी

इन अभियानों से बौखलाए नक्सली अब बार-बार आईईडी विस्फोटों का सहारा ले रहे हैं। हाल के महीनों में ऐसी कई घटनाएं हुई हैं, जिनमें सुरक्षाबलों को निशाना बनाने की कोशिश की गई है। बावजूद इसके, सुरक्षाबल पूरे साहस के साथ नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी रखे हुए हैं।

हवाई मार्ग से रांची लाए गए घायल जवान

घटना के तुरंत बाद घायल दोनों जवानों को प्राथमिक उपचार के बाद हेलीकॉप्टर के जरिए रांची ले जाया गया। लेकिन, झारखंड जगुआर के कांस्टेबल सुनील धान की हालत नाजुक बनी रही और इलाज के दौरान वे वीरगति को प्राप्त हुए, जिससे पूरे पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई है।

पश्चिमी सिंहभूम में बड़े नक्सली नेता सक्रिय

नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन, पिंटु लोहरा, चंदन लोडरा, अमित डांसदा उर्फ अपटन, जयकांत और रापा मुंडा के नेतृत्व में माओवादी दस्ता पश्चिम सिंहभूम जिले के सारंडा और कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने के इरादे से सक्रिय हैं। इसे लेकर घोर नक्सल प्रभावित इलाकों में बीते 4 मार्च से छोटानागरा और जराईकेला थाना क्षेत्र के सीमावर्ती जंगलों और पहाड़ी इलाकों में विशेष संयुक्त अभियान शुरू किया गया है। चाईबासा पुलिस, कोबरा 203 एवं 209 बटालियन, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ की 26, 60, 134, 174, 193 और 197 बटालियनों के साथ एक संयुक्त अभियान दल गठित कर सघन सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

राजनीति की जमीन पर फिर गरमाया शिलापट विवाद, सरयू राय व बन्ना गुप्ता आमने-सामने

PHOTON NEWS JSR : जमशेदपुर की सियासी फिजा एक बार फिर शिलापट को लेकर तप रही है। जमशेदपुर पश्चिम के मौजूदा विधायक सरयू राय और पूर्व विधायक बन्ना गुप्ता एक बार फिर आमने-सामने आ गए हैं। इस बार विवाद की जड़ है- विकास योजनाओं पर लगे शिलापट और उस पर दर्ज नाम। कांग्रेस की जिला इकाई ने पूर्व विधायक बन्ना गुप्ता के समर्थन में मोर्चा खोल दिया है। जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार को साकची स्थित डीसी ऑफिस पर जोरदार प्रदर्शन किया। आरोप लगाया गया है कि जिन योजनाओं का शिलान्यास बन्ना गुप्ता ने अपने कार्यकाल में वर्ष 2024 के जुलाई और अगस्त में किया था, उन्हीं योजनाओं पर अब विधायक सरयू राय ने अधिकारियों से मिलीभगत कर अपने नाम का शिलापट लगवा दिया है। कांग्रेस का कहना है कि यह न सिर्फ एक जनप्रतिनिधि के योगदान का अपमान है, बल्कि राजनीतिक षड्यंत्र का हिस्सा भी है। कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि मानगो नगर निगम और जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के कुछ अधिकारी भी इस ₹षड्यंत्र₹ में शामिल हैं। कांग्रेस ने साफ चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही इन योजनाओं पर बन्ना गुप्ता का नाम नहीं जोड़ा गया, तो वे सड़कों पर उतरकर खुद शिलापट लगाएंगे। जिला अध्यक्ष दुबे ने प्रशासन को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने कहा कि जनता जानती है कि ये योजनाएं किसकी देन हैं और अगर प्रशासन ने आंख मूंदी, तो कांग्रेस इसका करारा जवाब देगी। इस पूरे मामले ने न सिर्फ राजनीतिक माहौल को गरमा दिया है, बल्कि चुनावी समीकरणों को भी प्रभावित करने की संभावना बन गई है।

उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता ● फोटोन न्यूज

शिक्षक के खिलाफ दर्ज हुआ एससी-एसटी एक्ट में केस, शिक्षकों का प्रदर्शन

JAMSHEDPUR : पश्चिमी सिंहभूम के सहायक शिक्षक अजय कुमार महतो पर दर्ज फर्जी एससी-एसटी एक्ट केस और निलंबन के विरोध में पूर्वी सिंहभूम जिले के शिक्षकों ने सोमवार को प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने मूल्यांकन केंद्रों पर काला बिल्ला लगाकर विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान उत्तरपुस्तिकाओं की जांच का कार्य भी जारी रखा। शिक्षकों ने दो मांगें रखीं। पहली, अजय कुमार महतो का निलंबन तुरंत रद्द किया जाए। दूसरी, उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर वापस ली जाए। प्रदर्शन में पश्चिमी सिंहभूम और पूर्वी सिंहभूम दोनों जिलों के शिक्षक शामिल हुए। शिक्षकों ने कहा कि अजय महतो निर्दोष हैं। उन्हें झूठे केस में फंसाया गया है। यह न सिर्फ उनके सम्मान पर चोट है, बल्कि पूरे शिक्षक समुदाय के आत्म-सम्मान पर हमला है।

शादी का झांसा देकर युवती से यौन शोषण, आरोपी गिरफ्तार

JAMSHEDPUR : जादूगोड़ा थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां नारायणपुर गांव के निवासी धीरज महतो उर्फ बंटी महतो पर एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर यौन शोषण और मारपीट करने का आरोप लगा है। पीड़िता ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि आरोपी ने पहले उससे शादी का वादा किया, फिर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और बाद में मारपीट भी की। यह मामला जादूगोड़ा थाना में कांड संख्या 23/25 के तहत दर्ज किया गया है। पीड़िता और आरोपी एक-दूसरे के पड़ोसी हैं, जिससे यह मामला और भी संवेदनशील बन जाता है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए धीरज महतो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में घाटशिला जेल भेज दिया है। जादूगोड़ा पुलिस ने बताया कि पीड़िता के बयान के आधार पर सारे सबूत जुटाए गए हैं और आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस मामले ने स्थानीय क्षेत्र में सनसनी फैला दी है और लोग आरोपी को सख्त सजा की मांग कर रहे हैं। इस घटना से यह साफ होता है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध को लेकर अब लोग अधिक जागरूक हो रहे हैं और पीड़िताएं भी सामने आकर अपनी आवाज उठा रही हैं। पुलिस प्रशासन की तत्परता से पीड़िता को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है।

नशीली दवाओं की बड़ी खेप के साथ दो युवक गिरफ्तार

पत्रकारों को मामले की जानकारी देते सिटी एसपी कुमार शिवाशीष

JAMSHEDPUR : बिष्टुपुर थाना पुलिस ने नशीली दवाओं की तस्करी में शामिल दो युवकों को गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। शनिवार को सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पकड़े गए युवकों के पास से 475 शीशी विनसेरेक्स कफ सिरप और 90 नाइट्रोसन टैबलेट बरामद की गई हैं। इन दवाओं का इस्तेमाल नशे के रूप में किया जाता है, और खासकर आपराधिक प्रवृत्ति के युवक इसका उपयोग अपराध को अंजाम देने से पहले करते हैं।

दोनों युवक भोजपुर के रहने वाले

एसएसपी किशोर कौशल को सूचना मिली थी कि कुछ युवक खरकाई रोड से बिष्टुपुर के रीगल चौक की ओर एक सुपर स्प्लेंडर बाइक से नशीली दवाएं लेकर जा रहे हैं। इसी आधार पर बिष्टुपुर थाना पुलिस ने टीम बनाकर कार्रवाई की और दोनों युवकों को धर दबोचा। गिरफ्तार युवकों की पहचान बिहार के भोजपुर निवासी चंदन कुमार पांडे उर्फ अमित कुमार पांडे उर्फ नारायण और रवि रंजन चौधरी उर्फ विष्णु कुमार के रूप में हुई है।

मानगो में पेयजल समस्या होने पर करें कॉल

JAMSHEDPUR : पूर्वी सिंहभूम जिले के मानगो नगर निगम अंतर्गत मिल रही पेयजल संबंधी समस्या-शिकायतों के त्वरित निष्पादन करने के लिए फोन नंबर जारी किया गया है। आम लोगों को 8603533700 (ए.ई) से फोन नंबर पर संपर्क करने को कहा गया है। यदि इस नंबर पर संपर्क नहीं हो रहा हो तो वरीय पदाधिकारी के फोन नंबर 9263531141 पर संपर्क करने को कहा गया है।

इसे लेकर उपायुक्त अनन्य मित्तल ने टास्क फोर्स का गठन किया है। परियोजना निदेशक, आईटीडीए दीपांकर चौधरी की अध्यक्षता वाली टीम में उपनगर आयुक्त, मानगो नगर निगम, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, यांत्रिक प्रमंडल, जमशेदपुर तथा कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, आदित्यपुर शामिल किए गए हैं। उपायुक्त ने टास्क फोर्स को निर्देशित किया है कि मानगो नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत प्राप्त हो रही पेयजल संबंधी समस्याओं-शिकायतों पर आपसी समन्वय स्थापित करते हुए यथाशीघ्र निष्पादन करें, ताकि आमजनों को सुचारू रूप से पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो सके।

समाहरणालय से निकला पोषण जागरूकता रथ, गांव-गांव घूमकर करेगा जागृत

PHOTON NEWS JSR: झारखंड सहित पूर्वी सिंहभूम जिला में 8 से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में समाहरणालय परिसर से शनिवार को पोषण जागरूकता रथ निकला, जिसे उपविकास आयुक्त अनिकेत सचान तथा धालभूम की अनुमंडल पदाधिकारी शताब्दी मजूमदार ने रवाना किया। इस मौके पर उपविकास आयुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी से पोषण पखवाड़ा के तहत किए जा रहे कार्यों एवं जागरूकता रथ के रोस्टर के संबंध में जानकारी ली। जागरूकता रथ प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जाकर ग्रामीणों को पोषण पखवाड़ा के उद्देश्यों की जानकारी देगा, जिसमें बच्चों के जीवन के प्रथम सुनहरे 1000 दिवस पर ध्यान, पोषण ट्रैकर में लाभार्थी मॉड्यूल का प्रचार-प्रसार, समुदाय स्तर पर कुपोषण प्रबंधन, बच्चों में मोटापे के समाधान के लिए स्वस्थ जीवनशैली आदि शामिल हैं।

पोषण जागरूकता के लिए स्कूटी पर निकलीं आंगनबाड़ी सेविकाएं

पोषण पखवाड़ा से संबंधित दिलाई गई शपथ

इस मौके पर समाहरणालय परिसर में उपविकास आयुक्त ने सभी को पोषण पखवाड़ा की शपथ दिलाई। सभी ने शपथ लिया कि भारत के बच्चों, किशोरों और महिलाओं को कुपोषण मुक्त, स्वस्थ और मजबूत करने, राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा के दौरान में हर घर तक सही पोषण का संदेश पहुंचाने, सही पोषण का अर्थ, पौष्टिक आहार, साफ पानी और सही प्रथाएं, पोषण अभियान को एक देशव्यापी जन आंदोलन बनाने, हर घर, हर विद्यालय, हर गांव, हर शहर में सही पोषण की गूंज उठाने, इस जन आंदोलन से मेरे भारतीय भाई और बहन और सब बच्चे स्वस्थ होंगे और पूरी क्षमता प्राप्त करने, हम बाल विवाह नहीं करेंगे व हम ऐसे किसी आयोजन में शामिल नहीं होंगे, जहां बाल विवाह हो रहा हो और हम यह प्रण करते हैं कि इसकी रोकथाम के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे, जिससे हर बच्चा सुरक्षित और शिक्षित हो सके।

चैत्र मेले में नंगे पाव दहकते अंगारों पर चलकर एवं कांटों पर लेटकर भक्त दिखाते हैं भक्ति, उमड़ती है श्रद्धालुओं की भीड़

आज से लगेगा राजकीय केरा मेला, प्रशासन ने किए पुख्ता इंतजाम

CHAKRADHARPUR : पश्चिमी सिंहभूम में संजय नदी किनारे पुरानी बस्ती स्थित मां पाउड़ी मंदिर और केरा मंदिर में रविवार है मेला लगेगा।इन देवियों पर सदियों से लोगों की अटूट आस्था रही है। इसका दर्शन करने के लिए दूरदराज से भक्त पहुंचते हैं। इतना ही नहीं प्रत्येक गुरुवार को मंदिर में विशेष पूजा भी होती है। वहीं महीने के अंतिम गुरुवार को श्रद्धालुओं में खिचड़ी के भोग का वितरण किया जाता है। ये राजघराने की कुलदेवी मानी जाती हैं। मान्यता है कि मां पाउड़ी के आशीर्वाद से भक्तों की सभी मन्नतें पूर्ण होती हैं। इस कारण पाउड़ी मंदिर आस्था का केंद्र बना हुआ है। बता दें कि 1260 में सिंहभूम के राजा और भुईयां समुदाय के लोगों ने राजघराने की स्थापना के साथ ही मां पाउड़ी की पूजा अर्चना आरंभ की थी।

मेला के लिए सज-धजकर तैयार हुआ मंदिर परिसर व मां पाउड़ी ● फोटोन न्यूज

शहर के पुरानी बस्ती से सटे कण - कण बहती संजय नदी के किनारे स्थित पाउड़ी स्थल में 1971 में माता की प्रतिमा के रूप में शिला स्थापित की गई। इसके पहले यह झाड़ियों और पेड़ों से घिरा वीरान क्षेत्र था। दरअसल 1969 में समाजसेवी सह पाउड़ी माता के भक्त मन्मथ कुमार सिंह को माता ने स्वप्न में मंदिर निर्माण कर प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया था। बताया जाता है कि मन्मथ कुमार सिंह को माता के आदेश को पूरा करने में पूरे दो साल लगे थे। पुरानी बस्ती के निवासियों के सहयोग से और पूर्व सांसद स्वर्गीय रुद्र प्रताप षाड़ंगी के साथ 1971 में मां पाउड़ी मंदिर की स्थापना हुई। बिना प्रतिमा के दो सालों तक पूजा हुई। बिना प्रतिमा के शिला की दो वर्षों तक पूजा होती रही। 1973 में कंसरा के घने जंगल के कुईतुका खदान से लाए गए पत्थर से प्रतिमा का निर्माण किया गया। मूर्तिकार कन्हैया साहू ने प्रतिमा का निर्माण किया। पाउड़ी मां, केरा व कंसरा मां की बहन हैं।

1971 में बना मां पाउड़ी मंदिर

हर साल होता है चैत्र मेले का आयोजन

1971 से मां पाउड़ी की पूजा के अवसर पर चैत्र मेले का आयोजन होता रहा है। पाउड़ी स्थल के लिए निकलने वाली घट यात्रा पाट पीढ़ा तक लायी जाती है। कालिका दर्शन के दिन पाट पीढ़ा में बलि भी चढ़ाई जाती है। इसके बाद घट यात्रा मां पाउड़ी मंदिर पहुंचता है।

पूरी हो चुकी है मेला की तैयारी

मां पाउड़ी मंदिर में पांच दिनों तक देर शाम को घट यात्रा निकलता है। इस साल 10 अप्रैल की शाम मुक्तिनाथ धाम घाट से शुभ घट यात्रा, 11 अप्रैल को यात्रा घट, 12 अप्रैल को वृंदावन घाट निकला। जबकि 13 अप्रैल को सुबह मंदिर में मेलू (जलाभिषेक), शाम को गरियाभार एवं रात्रि में मंदिर परिसर में छऊ नृत्य और 14 अप्रैल की सुबह कालिका घट निकलेगा। वहीं मंदिर परिसर में मेला का आयोजन होगा।

सरायकेला राजघराने के कुंवर ने कर ली थी प्रतिमा चोरी

1802 में सरायकेला राजघराने के कुंवर विक्रम सिंह एक रात पोड़ाहाट से राजघराने की इष्ट देवी की मूर्ति चुराकर भाग निकले। लेकिन इस दौरान चक्रधरपुर के बलिया घाट के समीप ईष्ट देवी पाउड़ी मां का आसन 'पाट पीढ़ा' गिर पड़ा। तत्कालीन राजा ने माता के इस आसन को अपने राजबाड़ी के समीप स्थापित कराया।

सिंहभूम के राजा ने स्थापित की थी मां पाउड़ी की मूर्ति

सिंहभूम के राजा ने मां पाउड़ी की मूर्ति की स्थापना शक्ति की अधिष्ठात्री देवी के रुप में की थी। इसके बाद राजा अच्युता सिंह ने पोड़ाहाट में मां पाउड़ी की मूर्ति स्थापित की। पोड़ाहाट में सबसे पहले राज परिवार द्वारा बांसकाटा डैम के समीप मां पाउड़ी की पूजा की जाती थी। कालांतर में पोड़ाहाट राजघराने की राजधानी चक्रधरपुर बनाई गई।

3 करोड़ रुपये की लागत से बनेगी गुड़ासाई-सोमरा सड़क

सड़क का भूमि पूजन करते विधायक प्रतिनिधि ● फोटोन न्यूज

CHAKRADHARPUR : पश्चिमी सिंहभूम जिले में चक्रधरपुर प्रखंड के गुड़ासाई आरईओ मुख्य पथ चौक से सोमरा तक जाने वाली महत्वपूर्ण सड़क बहुत जल्द बनेगी। सड़क निर्माण का शनिवार को भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि पीरू हेम्ब्रम और झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सन्नी उरांव भी उपस्थित थे। सड़क का निर्माण ग्रामीण अभियंत्रण संगठन (आरईओ) विभाग द्वारा किया जाएगा। यह सड़क आरईओ मुख्य पथ चौक से शुरू होकर सोमरा तक 4.40 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। इस परियोजना की कुल लागत 3 करोड़ 7 लाख रुपये है। इस मौके पर जिला परिषद की सदस्य मीना जोंको, मुखिया प्रतिनिधि दयासागर केराई, झामुमो नेता प्रदीप महतो, सिंगराय जोंको, प्रेम जामुदा, मोहन जामुदा, बोदा जामुदा, राजू जामुदा समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

युवती की गोली मारकर हत्या, शव को जलाने का प्रयास

कर्रा थाना क्षेत्र के मुरहू रेलवे फाटक के पास झोपड़ी में थी महिला

AGENCY KHUNTI : कर्रा थाना के लोधमा ओपी क्षेत्र के मुरहू रेलवे फाटक के पास पार टांड नामक स्थान पर प्लास्टिक की बनी झोपड़ी में एक अज्ञात युवती की माथे पर गोली मारकर और गला रेतकर हत्या करने का मामला शनिवार को प्रकाश में आया है। स्थानीय लोगों ने आशंका जताते हुए कहा है कि हत्या के पहले संभवतःदुष्कर्म किया गया होगा और पहचान छिपाने के लिए अपराधियों ने शव को जलाने का प्रयास भी किया। घटना की सूचना मिलने पर कर्रा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। युवती के माथे से गोली आरपार हो गई है। घटनास्थल पर मौजूद पुलिस अधिकारियों और ग्रामीणों ने शव की स्थिति को देखते हुए यह भी संभावना जताई है कि युवती के साथ हत्या से पहले दुष्कर्म किया गया होगा। फिलहाल पुलिस ने वैज्ञानिक तरीकों और तकनीकी माध्यम से केस का खुलासा करने में जुटी है। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

घटनास्थल पर जुटे लोग व इनसेट में मृतक ● फोटोन न्यूज

ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुटी, लेकिन युवती की पहचान नहीं

घटना के बाद ग्रामीणों की मौके पर भीड़ जुटी हुई है। आसपास के लोगों से पहचान करने पर किसी ने भी युवती की पहचान नहीं की। इससे यह अंदेशा भी जताया जा रहा है कि मृतका स्थानीय नहीं, बल्कि बाहर की हो सकती है और हत्यारे इलाके से परिचित रहे हों। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेज दिया है और युवती की शिनाख्त की कोशिशें जारी हैं। स्थानीय लोगों के बीच यह चर्चा है कि मामला प्रेम-प्रसंग से भी जुड़ा हो सकता है।

सुनसान स्थान पर दिया गया घटना को अंजाम

घटना शुक्रवार देर रात की बताई जा रही है। यह इलाका काफी सुनसान और जंगल से सटा है, जहां शव मिला है। वह निमाय महतो के खलियान पर प्लास्टिक से बनी झोपड़ी है। इस स्थान से आधा किलोमीटर के दायरे में कोई घर नहीं है।

पांच दिन पहले तोरपा में भी मिला था अधजला शव

उल्लेखनीय है कि आठ अप्रैल को इसी जिले के तोरपा थाना क्षेत्र के कुल्डा जंगल में भी एक युवती का अधजला शव बरामद किया गया था। अब तक उस युवती की भी पहचान नहीं हो सकी है। लगातार सामने आ रही इस तरह की घटनाओं से क्षेत्र में दहशत और चिंता का माहौल है।

सड़क दुर्घटना में एक की हुई मौत ग्रामीणों ने लगा दी डंपर में आग

LATEHAR : जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत हरिजन टोला के पास शुक्रवार रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार रमेश उरांव (38) की मौत हो गई। इस घटना के विरोध में नाराज लोगों ने कोयला परिवहन में लगे एक हाइवा को जला दिया। मृतक रमेश उरांव हेरहंज थाना क्षेत्र के लावागड़ा गांव का रहने वाला था। मिली जानकारी के अनुसार रमेश उरांव किसी काम से बालूमाथ गया था। शुक्रवार की रात वह बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान हरिजनटोला के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सवार रमेश उरांव की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।घटना के बाद नाराज लोगों ने सड़क जाम कर दिया। वहीं, कोयला परिवहन में लगे एक हाइवा में आग लगा दिया। आग लगने के कारण गाड़ी पूरी तरह चल गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद डीएसपी विनोद रवानी के नेतृत्व में पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद लोगों को समझाकर सड़क जाम हटवाया। इसके बाद पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में ले लिया। हालांकि पुलिस के जरिये गाड़ी में लगी आग पर भी काबू पाने का प्रयास किया गया । लेकिन आग भीषण रूप ले लिया था। इस कारण गाड़ी पूरी तरह जल गयी। इस संबंध में पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है, जिस गाड़ी से दुर्घटना हुई है उसकी भी पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना था कि मृतक के परिजनों को तत्काल मुआवजा दिया जाए। वहीं अनियंत्रित वाहनों की गति सीमा को निर्धारित करते हुए उस गति सीमा को पूरी कड़ाई से लागू किया जाए।

एनएच-98 पर लगातार हो रहा हादसा, एक और युवक की मौत

PALAMU : मेदिनीनगर-औरंगाबाद मार्ग नेशनल हाईवे 98 पर लगातार दुर्घटना हो रहा है, जिसमें अधिकतर बाइक सवार युवकों की मौत हो रही है। छतरपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार की दोपहर सड़क हादसे में अंकुश नामक युवक की जान चली गई थी। इस घटना के आठ घंटे बाद फिर छतरपुर इलाके में दुर्घटना हुआ और एक युवक की मौत हो गई और एक जख्मी हो गया। घटना देर रात की है। घटना डाली मोड में एनएच पर हुई। एक ट्रेलर ने बाइक को अपने चपेट में ले लिया और सवार को कुचल दिया। एक बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान पड़वा थाना क्षेत्र के कठौतिया गांव निवासी विनय साव का 24 वर्षीय पुत्र अंकुश कुमार के रूप में हुई, जबकि बाइक पर बैठा पाटन के ही सिक्का पालहे निवासी बलराम मेहता का पुत्र पंकज मेहता गंभीर रूप से घायल हो गया। जख्मी युवक को उस रास्ते से गुजर रहे एक कार सवार ने अपनी गाड़ी में लाद कर अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए एमआरएमसीएच मेदनीनगर रेफर कर दिया। घटना के बाद ट्रक छोड़कर ड्राइवर और खलासी भाग निकले। पुलिस ने ट्रक के पहिए के नीचे दबे शव को निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच में भेजा। इधर घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है। परिजनों के अनुसार अंकुश कोचिंग चलाता था। डाली गांव में कोचिंग खोलने के लिए साइड देखने गया था। वहां से लौटने के क्रम में दुर्घटना का शिकार हो गया।

BRIEF NEWS

छात्राओं को दी गई पोषण एप की जानकारी

LATEHAR : पोषण पखवाड़ा के तहत गांधी इंटर कॉलेज, लातेहार में विभाग स्तर से गतिविधियों के कैलेंडर के अनुरूप लाभार्थी पंजीयन कार्यक्रम कराया गया। उपस्थित छात्राओं को जिला के निशांत शर्मा द्वारा व्यक्तिगत जानकारी पोषण ट्रैकर एप में कैसे अपलोड करें। इसमें बताया गया की लाभार्थी पंजीयन का कार्य सभी किशोरी अपने अपने मोबाइल से कर सकती हैं। पोषण पखवाड़ा के तहत आंगनबाड़ी केंद्र अमवाटीकर लातेहार में विभाग स्तर से गतिविधियों के कैलेंडर के अनुरूप टीकाकरण एवं टीएचआर वितरण कार्यक्रम कराया गया। उपस्थित गर्भवती, धात्री माता तथा छात्राओं से पोषण से संबंधित सवाल-जवाब भी किए गए। इस मौके पर महिला पर्यवेक्षिका भी उपस्थित थीं।

विस्थापितों के लिए चार समिति गठित करने का निर्णय

HAZARIBAG : एनटीपीसी कोल खनन परियोजना के विस्थापितों की समस्या के समाधान के लिए तीन से चार समितियां गठित करने का निर्णय लिया गया है। उतरी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार ने हजारीबाग जिले के बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में संचालित एनटीपीसी कोल खनन परियोजना के विस्थापितों की समस्या के समाधान के लिए हुई बैठक में कहा कि जिन लोगों की जमीन पर खनन परियोजना का कार्य हो रहा है, उन्हें अपनी आजीविका, भूमि और प्राकृतिक संसाधनों से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में यह जरूरी है कि विकास के सभी पहलुओं में उनके हितों का भी ध्यान रखा जाए। साथ ही, उन्हें उचित मुआवजा, रोजगार के अवसर और संभावित भूमि पुनर्वास जैसे विकल्प प्रदान किए जाएं।

हनुमान जयंती पर भक्ति में डूबे रहे श्रद्धालु

PALAMU : पलामू जिले में हनुमान जयंती पर शनिवार को श्रद्धालु भक्ति में डूबे रहें। जगह जगह स्थापित हनुमान मंदिर में भंडारा, हनुमान चालीसा एवं पूजापाठ का दौर चला। मुख्य बाजार स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर एवं प्रधान डाकघर स्थित नीम हनुमान मंदिर में भव्य भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा प्रसाद लेने के लिए लोगों की लंबी लाइन नजर आयी। इससे पहले दोपहर 12 बजे भव्य आरती हुई। इसके साथ ही भंडारा की शुरूआत हुई और देर शाम तक प्रसाद का वितरण किया गया। प्रसाद लेने के लिए लोग लंबी लाइन में लगे नजर आए। चैत्र मास की पूर्णिमा तिथि को हनुमान का जन्मोत्सव मनाया गया। मुख्य बाजार स्थित श्री संकट मोचन महावीर मंदिर में बजरंगबली की विशेष पूजा-अर्चना की गई। बजरंगबली की प्रतिमा का विशेष पुष्प श्रृंगार किया गया।

बड़ाम बाबा की पूजा में उमड़े सैकड़ों भक्त

GHATSILA : घाटशिला के राजस्टेट मैदान में शनिवार को बड़ाम बाबा की पूजा हुई, जिसमें सैकड़ों भक्त उमड़े। घाटशिला थाने के समीप से घट लेकर पुजारी के नेतृत्व में बड़ाबांध तालाब से श्रद्धालु निकले। इस दौरान कई युवकों के शरीर पर बड़ाम बाबा सवार थे। जिस पर देवता का अंश था, वे अपने आप को सबाई घास से बने चाबुक से अपने शरीर पर वार करते जा रहे थे। एक-एक युवक को पकड़ने के लिए चार-पांच युवक लगे थे। दर्जनों महिलाएं, जिन पर देवी-देवताओ का अंश था, वह झूमते हुए चल रही थीं। घट यात्रा में शामिल पुजारी एवं युवक, महिला, युवती के स्वागत के लिए दर्जनों महिलाएं कई स्थानों पर हल्दी-पानी, फूल, अगरबत्ती आदि लेकर खड़ी थीं। पुजारी के पहुंचने पर सभी महिलाओं ने हल्दी के पानी से पहले पैर धुला, उसके बाद माला पहनाकर आरती उतारी।

पतरातू थाना प्रभारी के खिलाफ सीएम सहित डीजीपी तक पहुंचाई शिकायत

लाल ईंट भट्ठा के संचालन में सांठ-गांठ का लगाया आरोप, कार्रवाई की मांग

AGENCY RAMGARH : रामगढ़ जिले के पतरातू थाना क्षेत्र में अवैध बंगला (लाल) ईंट भट्ठा का संचालन सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी के आदेश के उल्लंघन के साथ हो रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस अवैध बंगला ईंट भट्ठा के संचालन में पतरातू थाना प्रभारी का भी हाथ है। इस मामले की शिकायत सीधे मुख्यमंत्री से की गई है। पतरातू थाना क्षेत्र के गांधीनगर, शाह कॉलोनी निवासी मनीष कुमार ने मुख्यमंत्री को आवेदन देकर पूरे मामले पर कार्रवाई करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट एवं नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश का उल्लंघन कर पतरातू थाना क्षेत्र में अवैध बांग्ला ईंट भट्ठा का संचालन किया जा रहा है। पतरातू लाइनपार बरवाटोला और किरीगढ़ा में पिछले 10 वर्षों से अवैध बांग्ला भट्ठा संचालक सूरज साहू के द्वारा यह कार्य किया जा रहा है। इसकी शिकायत झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद और प्रधान मुख्य वन संरक्षक से की गई थी। मनीष कुमार ने मुख्यमंत्री के अलावा, राज्यपाल, झारखंड सरकार के गृह सचिव, मुख्य सचिव और डीजीपी का भी ध्यान एक इस और आकृष्ट कराया है।

जांच में सही पाई गई शिकायत, कार्रवाई की हुई थी अनुशंसा

शिकायतकर्ता मनीष कुमार ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनकी शिकायत पर 25 फरवरी 2025 को झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद के द्वारा अवैध बांग्ला ईंट भट्ठों के स्थल की जांच की गई। इस दौरान जांच पदाधिकारी ने शिकायत को सत्य पाया एवं कई गड़बड़ियों को उजागर किया। उनके द्वारा अवैध बांग्ला ईंट भट्ठा संचालक के खिलाफ शो कॉज और कानूनी कार्रवाई करने की अनुशंसा की गई। जिसकी प्रतिलिपि थाना प्रभारी पतरातु थाना प्रभारी को दी गई थी।

पतरातू थाना गेट पर ही जांच अधिकारियों के साथ हुई धक्का-मुक्की

शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री को बताया कि 21 फरवरी को जब राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी जांच करने पतरातू पहुंचे तो वहां अवैध ईंट भट्ठा संचालक सूरज साहू के द्वारा उनके साथ थाना गेट पर ही बदसलूकी की गई थी। उन लोगों ने जांच अधिकारियों के साथ गाली गलौज और धक्का मुक्की कर जान से मरवाने की धमकी दी। पतरातू थाना को लिखित रूप से घटना की जानकारी दी गई। लेकिन घटना के 10 दिन बाद 3 मार्च को पतरातू थाना प्रभारी द्वारा अप्राथमिक संख्या 8/25 बीएनएस की धारा 126 के तहत कार्रवाई की गई।

ईंट भट्ठा की आड़ में होती है कोयले की तस्करी

शिकायतकर्ता मनीष कुमार ने मुख्यमंत्री को बताया कि अवैध बांग्ला ईंट भट्ठा संचालक सूरज साहू भट्ठा की आड़ में कोयले की तस्करी करता है। 25 दिसंबर 2024 को भी उन्होंने इस मामले की शिकायत की थी। उन्होंने बताया था कि भट्ठा की आड़ में अवैध कोयले को स्टॉक का टर्बो ट्रक से कोयले के ऊपर ईंट रखकर कोयले को रांची में खपाया जा रहा है।

पुलिस गिरफ्त में आरोपी ● फोटोन न्यूज

बीएसएल प्लांट में चोरी करते तीन चोर गिरफ्तार

BOKARO : बोकारो प्लांट में चोरी करते हुए तीन चोरों को चोरी करते हुए सीआईएसएफ ने गिरफ्तार किया है। सीआईएसएफ अंबुश में तैनात जवान के अनुसार सेंटर प्लांट के बैक साइड में कुछ लोगों को देखा गया, जिसके बाद सीआइएसएफ जवान ने पीसीआर को सूचना दी जिसके बाद जवानों ने घेराबंदी कर तीन चोर धोबी मुहल्ला सेक्टर वन निवासी अनिल कुमार (24), बालीडीह निवासी अटल यादव (55), बसंती मोड़ निवासी अमन डोम (20) को सीआईएसएफ ने गिरफ्तार किया है। मौके से चोरो की ओर से काटे गए स्क्रैप कॉपर, कटिंग टूल्स आदी को जब्त किया गया। इसका बाजार मूल्य 50 से 60 हजार की बताई जा रही है। सभी चोरों को गिरफ्तार कर सीआईएसएफ माराफारी थाना लेकर आई। माराफारी थाना ने कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए सभी को जेल भेजने की तैयारी में जुटी हुई हैं।

लक्ष्मीनारायण मंदिर में श्रद्धालुओं ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

JAMSHEDPUR : हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर शनिवार को गोलमुरी के केबुल टाउन स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। मंदिर प्रांगण में श्री हनुमान चालीसा का 100 बार अखंड पाठ किया गया, जिसमें विधायक सरयू राय ने भी सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक श्री हनुमान चालीसा का विधिवत पाठ किया। श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर जीर्णोद्धार समिति के संयोजक सरयू राय ने बताया कि मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य को गति प्रदान करने के पावन उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। संकल्प है कि मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य भव्य तरीके से हो और क्षेत्र में सुख शांति का संचार हो। पाठ के बाद प्रसाद, फिर भोग वितरण हुआ।

जून तक बागबेड़ा जलापूर्ति योजना पूरी नहीं हुई तो होगा आंदोलन

फिल्टर प्लांट का निरीक्षण करने पहुंचे बागबेड़ा के निवासी, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को दी चेतावनी

PHOTON NEWS JSR : बागबेड़ा ग्रामीण जलापूर्ति योजना अगर इस साल जून के मध्य तक पूरी नहीं हो पाई तो बागबेड़ा महानगर विकास समिति आंदोलन करेगी। इस बार पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ईंट से ईंट बजा दी जाएगी। हर साल विभाग के अधिकारी वादा करते हैं और काम पूरा नहीं कर पाते।

इस बार भी उन्होंने वादा किया है कि बागबेड़ा ग्रामीण जलापूर्ति योजना हर हाल में जून के मध्य तक पूरी हो जाएगी।

दूसरी तरफ, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता का कहना है कि हर हाल में जून के मध्य तक काम पूरा हो जाएगा। इस संबंध में कार्यकारी संस्था को साफ कह दिया गया है।

फिल्टर प्लांट के पास मौजूद सुबोध झा व अन्य ● फोटोन न्यूज

फिल्टर प्लांट में काम ठप

बागबेड़ा ग्रामीण जलापूर्ति योजना के गिदि झोपड़ी स्थित फिल्टर प्लांट का हाल बेहाल है। शनिवार को बागबेड़ा महानगर विकास समिति के अध्यक्ष सह जिला भाजपा मुख्यालय प्रभारी सुबोध झा ने अपनी टीम के साथ जब मौके का निरीक्षण किया, तो वहां का हाल देख सभी हैरान रह गए। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि फिल्टर प्लांट में न तो कोई काम चल रहा है और न ही मजदूर मौजूद थे। प्लांट के मुख्य गेट पर ताला जड़ा हुआ था। पानी टंकी का निर्माण अधूरा पड़ा है और जो टंकियां बनी हैं, उनमें दरारें तक पड़ चुकी हैं। यही नहीं, बिजली के उपकरणों के लिए मंगवाए गए ट्रांसफार्मर खुले में पड़े-पड़े खराब हो रहे हैं और अन्य जरूरी उपकरण भी यूं ही बाहर पड़े हुए हैं।

पाइपलाइन का काम भी अधूरा

फिलहाल 21 पंचायतों के 113 गांवों और रेलवे क्षेत्र की 33 बस्तियों के लिए बिछाई जाने वाली 80 किलोमीटर पाइपलाइन का काम अब तक अधूरा है। रेलवे ट्रैक के नीचे से पाइपलाइन, बड़ौदा घाट के पाया पर पाइपलाइन बिछाने का काम, राइजिंग पाइपलाइन, इंटक वेल से प्लांट तक पाइपलाइन, पानी टंकियों का निर्माण आदि सब कुछ अधूरा है। सुबोध झा ने कहा कि बागबेड़ा के रामनगर, गांधीनगर, पश्तो नगर, बजरंग टेकरी, हर हर गुड्डू, घाघीडीह, किताडीह समेत कई बस्तियों में अभी भी पाइपलाइन बिछाने का कार्य अधूरा पड़ा है। घर-घर पानी कनेक्शन भी अधर में लटका हुआ है। उन्होंने विभाग से मांग की कि जल्द से जल्द अधूरे कामों को पूरा किया जाए ताकि बागबेड़ा के 2 लाख 25 हजार लोगों को स्वच्छ पेयजल मिल सके।

अधर में लटका है काम

प्लांट के आसपास झाड़-झंखाड़ और जंगल उग आए हैं। प्लांट से सटे कमरे भी जर्जर हालत में हैं। सुबोध झा ने जिला प्रशासन और राज्य सरकार से मांग की कि बागबेड़ा ग्रामीण जलापूर्ति योजना को अविलंब धरातल पर उतारा जाए, ताकि 2 लाख 25 हजार ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल मिल सके। उन्होंने बताया कि इस योजना के लिए 237 करोड़ 21 लाख रुपए की भारी-भरकम राशि स्वीकृत की गई थी। लेकिन 2018 तक योजना पूरी नहीं हुई। समिति के आंदोलन के बाद झारखंड हाईकोर्ट और जल जीवन मिशन के माध्यम से 50 करोड़ 58 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि मंजूर की गई, लेकिन इसके बावजूद काम अधर में लटका है।

मेडिकल कॉलेज प्रबंधन के साथ भवन प्रमंडल विभाग के अधिकारियों ने किया निरीक्षण

ओड़िया बस्ती के पास बनेगी चारदीवारी

प्रधानमंत्री सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की फाइल फोटो

PHOTON NEWS DHANBAD : प्रधानमंत्री सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में जल्द सभी प्रकार की सेवा उपलब्ध होगी। इसमें अस्पताल के बाहर चारदीवारी बनाने में परेशानी हो रही है। यहां वर्षों से ओड़िया बस्ती के लोग रह रहे हैं। अब यहां चारदीवारी बनाने के लिए शनिवार को मेडिकल कॉलेज प्रबंधन और भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों ने निरीक्षण किया। भवन प्रमंडल विभाग के कार्यपालक अभियंता चंदन कुमार ने बताया कि ओड़िया बस्ती को बिना हटाए बाउंड्रीवाल बनाया जाएगा। ओड़िया बस्ती के लिए अलग से रास्ता मौजूद है। अब अस्पताल कैंपस की ओर रास्ता नहीं होगा। इसके साथ ही नगर निगम कचरा संग्रह केंद्र और शनि मंदिर के पास भी बाउंड्रीवाल बनाया जाएगा। अधीक्षक डॉ. दिनेश कुमार गिंदोरिया ने बताया कि बाउंड्रीवाल बन जाने से पूरा अस्पताल परिसर सुरक्षित हो जाएगा।

ओड़िया बस्ती के साथ हुआ था प्रशासन का विवाद

इससे पहले ओड़िया बस्ती को हटाने को लेकर बस्ती के लोग और प्रशासन के बीच में जमकर विवाद हुआ था। वर्ष 2013-14 में बस्ती को हटाकर बाउंड्रीवाल करने की योजना थी, लेकिन बस्ती के लोग यहां वर्षों से रह रहे हैं, इसके बाद मामला स्थगित हो गया था। अब बस्ती के लोगों को बिना हटाए बगल से बाउंड्रीवाल किया जाएगा। भवन प्रमंडल विभाग के अधिकारियों की मानें तो जल्द ही यह काम शुरू होने वाला है।

पोस्ट ग्रेजुएट बिल्डिंग में लगेगी लिफ्ट

भवन प्रमंडल विभाग की ओर से पोस्ट ग्रेजुएट बिल्डिंग में लिफ्ट लगाई जाएगी। यहां पर दो अलग-अलग बिल्डिंग बनाए गए हैं। दोनों में लिफ्ट लग जाने से यहां आने वाले मरीजों को सहूलियत होगी। इसके अलावा इन दोनों जगह पर रैंप का निर्माण किया जाएगा, जिससे स्ट्रेचर से मरीज को आसानी से ले जाया जा सकेगा। फिलहाल यह दोनों सेवा नहीं होने के कारण मरीजों को परेशानी होती है।

भूमि अधिग्रहण करने की बात पर सीओ से भिड़ गए ग्रामीण

बैठक स्थल पर हंगामा करते लोग ● फोटोन न्यूज

CHAIBASA : प्रस्तावित राष्ट्रीय उच्चपथ रांची-जैतगढ़ एनएच 75ई पर चाईबासा बाईपास सड़क निर्माण कार्य के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। इसे लेकर सिंहपोखारिया मौजा के रैयतों और ग्रामीणों ने सदर अंचल अधिकारी उपेंद्र कुमार सदर के साथ बहस की। रैयतों ने सरकारी तंत्र के रवैये पर गहरा असंतोष व्यक्त किया। शनिवार को सिंहपोखरिया में ग्रामीणों की बैठक में अंचल अधिकारी उपेंद्र कुमार पहुंचे और रैयतों को समझाने का प्रयास किया, परंतु विफल रहे। ग्रामीणों ने कहा कि वे जमीन नहीं देंगे, चाहे कुछ हो जाए। बता दें कि अंचल अधिकारी चाईबासा कार्यालय द्वारा निर्गत पत्र में उल्लेख किया गया था कि एनएच के लिए रैयतों की भूमि की वंशावली का सत्यापन मौजा मुंडा के माध्यम से कराने के लिए निर्धारित तिथियों पर शिविर लगेगा।

राणा के बहाने पाकिस्तान का पूरा आतंकी सच उजागर हो

ललित गर्ग

राणा के बहाने पाकिस्तान के मनसूंबों को बेनकाब करना ज्यादा जरूरी है, इससे कई राज खुलने और जांच को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। तमाम सबूत होने के बाद भी पाकिस्तान इस हमले के पीछे अपनी कोई भूमिका होने से इनकार करता रहा है। हालांकि वह आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद और जकी-उर-रहमान लखवी जैसे आतंकवादी सरगनाओं को बचाता भी रहा है। राणा के माध्यम पाकिस्तान का पूरा सच देश भी जाने एवं दुनिया भी समझे, तभी राणा का भारत आना सफल एवं सार्थक होगा।

मुंबई में भीषण, खौफनाक एवं दर्दनाक आतंकी हमले की साजिश रचने और उसे अंजाम देने में सक्रिय रूप से शामिल रहने वाले पाकिस्तान मूल के कनाडाई नागरिक तहव्वुर हुसैन राणा को अमेरिका से भारत लाया जाना किसी उपलब्धि से कम नहीं है, यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कूटनीतिक जीत एवं भारत की कानून की बड़ी सफलता है। लगभग 170 लोगों की दर्दनाक मौत, क्रूरता एवं अमानवीयता का डरावना मंजर एवं देशवासियों की आंखों को गमगीन करने वाले इस आतंकी हमले के मास्टरमाइंड राणा का अमेरिका से प्रत्यर्पण भारत के लिये एक उजली किरण बनकर प्रस्तुत हुई है। 26-11-2008 एक ऐसी डरावनी तारीख है जिसे याद करके देशवासी सिहर जाते हैं। दहशत की तस्वीरें आंखों के सामने आ जाती हैं। यह तारीख मुम्बई के पुराने घाव को न केवल कुरेदती है बल्कि टीस भी पैदा करती है कि 150 करोड़ का यह देश अब तक क्यों नहीं राणा का प्रत्यर्पण कराकर उसे दर्दनाक सजा दे पाया। अब राणा के भारत के शिकंजे में आ जाने से 26-11 के घावों पर कुछ मरहम लगेगा क्योंकि मुम्बई एवं देश आज भी जख्मों का हिसाब मांगती है।

देर आये दुरस्त आये की कहावत को चरितार्थ करते हुए अब देश का खतरनाक दुश्मन हाथ आ गया है तो उसे ऐसी सजा दी जाये कि न केवल पाकिस्तान, पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन एवं दुनिया में आतंक फैलाने वाले सहम जाये कि भविष्य में ऐसी घटना करने का दुस्साहस न कर सके। यह तो तय है कि राणा से पूछताछ में कई राज खुलेंगे, लेकिन यक्ष प्रश्न यह है कि क्या उसे फांसी की सजा देना संभव होगा? भारत सरकार को ऐसे कूटनीतिक एवं साहसिक प्रयत्न करने होंगे, जिससे उसे फांसी की सजा देना संभव हो सके और वह भी कम से कम समय में। मुंबई हमले के दौरान पकड़े गए आतंकी अजमल कसाब को सजा देने में चार साल लग गए थे। इतनी देरी राणा के मामले में नहीं होनी चाहिए। यह ऐसा मामला है, जिस पर देश के साथ दुनिया की भी निगाह होगी। राणा की सजा से ही भारत के न्यायतंत्र की त्वरता एवं तत्परता सामने आयेगी। क्योंकि खूंखार आतंकियों को सजा देने में देरी से आतंक से लड़ने की प्रतिबद्धता पर प्रश्नचिह्न टंकते है।

17 साल बाद आज भी महानगर मुम्बई की वह काली रात एवं गोलियों की गूंज से सब दहल उठते है, सहम जाते हैं। उस दिन पाक प्रशिक्षित लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकवादियों ने एक साथ कई जगहों पर हमला किया। लियो पोल्र्ड कैफे और छत्रपति शिवाजी टर्मिनल से शुरू हुआ मौत का दर्दनाक तांडव ताजमहल होटल में जाकर

खत्म हुआ। जिसमें आतंकवाद निरोधक दस्ते यानि एटीएस प्रमुख हेमंत करकरे, मुम्बई पुलिस के अतिरिक्त आयुक्त अशोक कामटे और पुलिस इंस्पैक्टर विजय सालस्कर शहीद हुए। आतंकवादी कसाब को जिन्दा पकड़ने वाले साहसी सब इंस्पैक्टर तुकाराम को कौन भुला सकता है, जो एक दूसरे आतंकवादी की गोलियों का शिकार होकर भी, जान की बाजी लगाकर कसाब को पकड़ने में सफलता पायी, भले ही इस एकमात्र पाकिस्तानी आतंकवादी कसाब को सजा-ए-मौत दी गई लेकिन इस हमले ने क्रूरता के जो निशान छोड़े वे आज भी मुम्बई में मौजूद हैं, भारत के जन-जन के हृदय पटल पर अंकित है।

कौन नहीं जानता कि तहव्वुर राणा ने दाऊद सईद गिलानी यानि डेविड कोलमैन हेडली के साथ मिलकर हमले की साजिश रची थी। डेविड हेडली ने अपनी पहचान छिपाने के लिए मुम्बई में फर्स्ट वर्ल्ड इमीग्रेशन सर्विसिज के नाम से एक कम्पनी का कार्यालय खोला और खुद को बिजनेसमैन के रूप में पेश किया। धीरे-धीरे उसने फिल्म जगत में नामी-गिरामी हस्तियों से जान-पहचान बढ़ाई। भारत यात्रा के दौरान उसने मुम्बई एवं देश के अन्य हिस्सों की रेकी की जहां पर हमला किया जाना था। पाकिस्तानी पिता और अमरीकी माँ की औलाद हेडली अमरीका में एक समय रंगीन जिन्दगी गुजार चुका था जिसके दौरान ड्रग्स की तस्करी के लिए उसे जेल भी हुई थी। भारत ने हेडली के प्रत्यर्पण के लिए भी अनुरोध किया था, लेकिन अमेरिकी अधिकारियों ने उसे छोड़ने से इनकार कर दिया, क्योंकि कई मामलों और डेनमार्क में एक हमले की नाकाम साजिश सहित 12 आतंकवाद से संबंधित आरोपों में दोषी होने की बात स्वीकार की थी। उसने लश्कर, आईएसआई और अलकायदा के राज अमेरिका को बताए तब से ही हेडली अमेरिका की सम्पत्ति बन गया है। फिलहाल हेडली का अमेरिका में सुरक्षित रहना बड़े सवाल खड़े करता है। इस बीच भारत ने राणा को मोस्ट वॉन्टेड घोषित कर दिया और 28 अगस्त 2018 भारत के खिलाफ आतंकी साजिश रचने, युद्ध छेड़ने, हत्या, जालसाजी और आतंकवादी हमले के आरोपों पर गिरफ्तारी वारंट जारी किया। अब सवाल यह है कि अमेरिका ने राणा को तो भारत के हवाले कर दिया लेकिन वह डेविड हेडली के मामले में क्यों खामोश?है?

राणा को भारत लाया जाना, भारत के शिकंजे में आना भारत की बहुत बड़ी कूटनीतिक जीत है। राणा पाकिस्तानी सेना का पूर्व अधिकारी है। चूंकि उसने आतंकी संगठन लश्कर एवं पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ से मिलकर मुंबई हमले की साजिश रची थी, इसलिए उससे गहन पूछताछ करके पाकिस्तान को नए सिरे से न केवल बेनकाब करना होगा, बल्कि उस पर इसके लिए दबाव भी बनाना होगा कि वह मुंबई हमले के अन्य गुनहगारों को भी दंडित करे। इस हमले के गुनहगार पाकिस्तान में खुले घूम रहे हैं। अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने प्रत्यर्पण संधि के तहत राणा को भारत भेजने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। हालांकि राणा ने कई हथकंडे अपनाए लेकिन अमेरिकी अदालतों में उसकी सारी याचिकाएं ठुकरा दी गईं। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत की यह आज तक की सबसे बड़ी जीत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल इसके लिए कूटनीतिक प्रयास करते रहे हैं। सर्वविदित है कि भारत विश्व के सर्वाधिक पाकिस्तान पोषित आतंकवाद प्रभावित देशों में से एक है। 26-11 के मुंबई हमलों के अलावा 2008 में ही जयपुर विस्फोट, काबुल में भारतीय दूतावास के अलावा अहमदाबाद, दिल्ली और असम के विस्फोट भी शामिल थे। यह संतोषजनक तो है कि अमेरिका ने देर से सही, राणा को भारत को सौंप दिया। यदि ट्रंप फिर से अमेरिका के राष्ट्रपति नहीं बनते तो शायद राणा को भारत लाना और मुश्किल होता। जो भी हो, भारत को केवल इतने से ही संतोष नहीं करना चाहिए कि अंततः एक बड़ा आतंकी उसके हाथ लग गया। भारत को देश के अन्य शत्रुओं एवं आतंकियों को भी दंडित करने-कराने के प्रति प्रतिबद्ध रहना होगा। उन्हें और पाकिस्तान सरीखे उनके आकाओं को यह संदेश नए सिरे से देना होगा कि भारत अपने दुश्मनों को न तो भूलता है और न माफ करता है।

तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण आतंकवाद के खिलाफ भारत की एक बड़ी जीत है, लेकिन इसे आतंकवाद के खिलाफ एक छोटा पडाव मानते हुए अभी कई मोर्चें पर आतंकवाद के खिलाफ कमर कसनी होगी, अब भारतीय सुरक्षा एजेंसियों का असली बड़ा काम यहां से शुरू हुआ है। मुंबई सहित देश के अन्य हिस्सों और विशेषतः जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले की पूरी प्लानिंग के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई व उसकी जमीन पर सक्रिय आतंकवादी संगठनों का हाथ न केवल था, बल्कि आर्थिक एवं अन्य तरह का सहयोग भी शामिल है। राणा के बहाने पाकिस्तान के मनसूंबों को बेनकाब करना ज्यादा जरूरी है, इससे कई राज खुलने और जांच को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। तमाम सबूत होने के बाद भी पाकिस्तान इस हमले के पीछे अपनी कोई भूमिका होने से इनकार करता रहा है। हालांकि वह आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद और जकी-उर-रहमान लखवी जैसे आतंकवादी सरगनाओं को बचाता भी रहा है। राणा के माध्यम पाकिस्तान का पूरा सच देश भी जाने एवं दुनिया भी समझे, तभी राणा का भारत आना सफल एवं सार्थक होगा।

संपादकीय

ट्रंप के पीछे हटने का अर्थ

अमेरिकी राष्ट्रपति ड़ोनाल्ड़ ट्रंप ज्यादातर देशों पर लगाए गए टैरिफ को अचानक 90 दिनों के लिए स्थगित करने का फैसला किया है। यह फैसला उनके स्वभाव के अनुरूप प्रतीत नहीं होता। हालांकि कदम उन्होंने उठा लिया है जिसका वैश्विक बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। उनके फैसले से वैश्विक बाजार में जो हलचल और अनिश्चितता का माहौल पैदा हुआ था, उसमें थोड़ा ठहराव आ गया है। ट्रंप के फैसले को लेकर स्वयं उनके देश अमेरिका और दुनिया के अन्य देशों में प्रतिक्रिया हो रही थीं। उन्होंने इसका संज्ञान लिया और अपने फैसले को 90 दिनों तक स्थगित कर दिया। हालांकि उनकी इस फैसले से चीन अपवाद रहा है। शायद ट्रंप को यह आभास हो गया है कि व्यापार युद्धके मसले पर पूरी दुनिया के विरुद्ध मोर्चा खोलने की बजाय अपने प्रमुख व्यापारिक प्रतिद्वंद्वी चीन को निशाना बनाया जाए। यही वजह है कि ट्रंप ने चीन से आयात शुल्क की दर बढ़ाकर 145 फीसद कर दी है। दूसरी ओर, चीन की प्रतिक्रियाओं से यह लग रहा है कि अमेरिका ने जो टैरिफ युद्ध शुरू किया है, उससे उसने आखिर तक लड़ने का मन बना लिया है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि चीन यह समझ रहा है कि वह अमेरिका से अकेले लड़.नहीं सकता है, इसीलिए वह विभिन्न देशों को साथलेकर एक संयुक्त मोर्चा बनाने का प्रयास कर रहा है। इतना ही नहीं, बल्कि चीन की ओर से यह भी कहा गया है कि भारत और चीन, दोनों बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश हैं, इसीलिए इस मामले में दोनों को साथ मिलकर काम करना चाहिए। लेकिन चीन को इस मामले में कोई खास सफलता नहीं मिल रही है। इस पूरे मामले में भारत का रुख बहुत सकारात्मक रहा है। उसने किसी तरह की जल्दबाजी नहीं की है, और प्रतिक्रियात्मक कदम नहीं उठाया है। भारत और अमेरिका के बीच इस मसले को लेकर द्विपक्षीय वार्ता चल रही है, उम्मीद है कि भारत इस पर अपना पक्ष मजबूती से रख सकेगा और जोर देगा कि भविष्य के व्यापार में उसे भारी टैरिफ का दबाव न झेलना पड़े.। लेकिन भारत के सामने दुविधा की स्थिति है कि उसे चीन और अमेरिका के साथ व्यापारिक संबंधों में संतुलन बनाकर चलना होगा क्योंकि दोनों बड़े.व्यापारिक साझेदार हैं। अब तक भारत ने धैर्य और समझदारी से काम लिया है, और उम्मीद है कि अपनी इसी तरह की नीतियों के चलते वर्तमान परिस्थितियों के अपने पक्ष में झुकाने में सफल हो जाएगा।

चिंतन-मनन

शुद्ध भक्त सर्वोत्तम

निर्विशेषवादी के लिए ब्रह्मभूत अवस्था अर्थात ब्रह्म से तदाकार होना परम लक्ष्म होता है। लेकिन साकारवादी शुद्धभक्त को इससे भी आगे शुद्ध भक्ति में प्रवृत्त होना होता है। इसका अर्थ हुआ जो भगवद्भक्ति में रत है, वह पहले ही मुक्ति की अवस्था, जिसे ब्रह्मभूत या ब्रह्म से तादात्म्य कहते हैं, प्राप्त कर चुका होता है। परमेर या परब्रह्म से तदाकार हुए बिना कोई उनकी सेवा नहीं कर सकता। परम ज्ञान होने पर सेव्य तथा सेवक में कोई अन्तर नहीं कर सकता, फिर भी उच्चतर आध्यात्मिक दृष्टि से अन्तर रहता ही है।

देहात्मबुद्धि के अन्तर्गत, जब कोई इन्द्रियतृप्ति के लिए कर्म करता है, तो दुख का भागी होता है, लेकिन परम जगत में शुद्ध भक्ति में रत रहने पर कोई दुख नहीं रह जाता। चूंकि ईश्वर पूर्ण है, अतएव ईश्वर से सेवारत जीव भी कृष्णभावना में रहकर अपने में पूर्ण रहता है। वह ऐसी नदी के तुल्य है, जिसके जल की सारी गंदगी साफ कर दी गई है। चूंकि शुद्ध भक्त में कृष्ण के अतिरिक्त कोई विचार ही नहीं उठते, अतएव वह प्रसन्न रहता है।

वह न किसी भौतिक क्षति पर शोक करता है, न किसी लाभ की आकांक्षा करता है, क्योंकि वह भगवद् भक्ति से पूर्ण होता है। वह भौतिक जगत में न किसी को अपने से उच्च देखता है और न निम्न। ये उच्च तथा निम्न पद क्षणभंगुर है और भक्त को क्षणभंगुर प्राकट? या तिरोधान से कुछ लेना-देना नहीं रहता। उसके लिए पत्थर तथा सोना बराबर होते हैं।

यह ब्रह्मभूत अवस्था है, जिसे शुद्ध भक्त सरलता से प्राप्त कर लेता है। उस अवस्था में स्वर्ग प्राप्त करने का विचार मृगतृष्णा और इन्द्रियां विषदंतविहीन सर्प की भांति प्रतीत होती हैं। जिस प्रकार विषदंतविहीन सर्प से कोई भय नहीं रह जाता उसी प्रकार स्वतः संयमित इन्द्रियों से कोई भय नहीं रह जाता। भक्त के लिए समग्र जगत वैपुंठ तुल्य होता

कृषि से खालसा तक, भारत की आत्मा का पर्व है बैसाखी

योगेश कुमार गोयल

कृषि प्रधान देश भारत में बैसाखी पर्व का संबंध फसलों के पकने के बाद उसकी कटाई से जोड़कर देखा जाता रहा है। इस पर्व को फसलों के पकने के प्रतीक के रूप में भी जाना जाता है। इसे विशेष तौर पर से पंजाब का प्रमुख त्यौहार माना जाता है। वैसे देशभर में बैसाखी को बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। सिख समुदाय बैसाखी से ही नए साल की शुरूआत मानते हैं। इस दिन एक-दूसरे को बधाईयां दी जाती हैं। पंजाब में किसान तब अपने खेतों को फसलों से लहलहाते देखता है तो इस दिन खुशी से झूम उठता है। खुशी के इसी आलम में शुरू होता है गिद्दा और भांगड़ा का मनोहारी दौर। पंजाब में ढ़ोल-नगाड़ों की धुन पर पारम्परिक पोशाक में युवक-युवतियां नाचते-गाते और जश्न मनाते हैं तथा सभी गुरूद्वारों को फूलों तथा रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया जाता है।

उत्तर भारत में और विशेषतः पंजाब तथा हरियाणा में गिद्दा और भांगड़ा की धूम के साथ मनाए जाने वाले बैसाखी पर्व के प्रति भले ही काफी जोश देखने को मिलता है लेकिन वास्तव में यह त्यौहार विभिन्न धर्म एवं मौसम के अनुसार देश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। पर्व की खूब धूम रहती है। पश्चिम बंगाल में इसे ह्यनबा वर्षह्ण के नाम से मनाया जाता है तो केरल में ह्यविशूह्ण नाम से तथा असम में यह ह्यबीहूह्ण के नाम से मनाया जाता है। बंगाल में ह्यपोइला बैसाखीह्ण भी कहा जाता है और वे अपने नए साल की शुरूआत मानते हैं। हिन्दू धर्म की पौराणिक मान्यताओं के अनुसार हजारों साल पहले इसी दिन मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। इसीलिए इस दिन गंगा आरती करने तथा पवित्र नदियों में स्नान करने की भी परम्परा रही है।

13 अप्रैल 1919 का बैसाखी का दिन आज भी चीख-चीखकर अंग्रेजों के जुल्मों की दास्तान बखान करता है। दरअसल रोलट एक्ट के विरोध में अपनी आवाज उठाने के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आव्हान पर इस दिन हजारों लोग जलियांवाला बाग में इकट्ठा हुए थे क्योंकि ह्यरोलट एक्टह्ण कानून के तहत न्यायाधीशों और पुलिस को किसी भी भारतीय को बिना कोई कारण बताए और उन पर बिना कोई मुकद्दमा चलाए जेलों में बंद करने का अधिकार दिया गया था। महात्मा गांधी के आव्हान पर भारतवासियों में इस कानून के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश उमड़ पड़ा था। इस काले कानून के विरोध में अमृतसर के जलियांवाला बाग में हजारों लोगों की एक विशाल जनसभा हुई थी लेकिन अंग्रेज सरकार ने बहुत खतरनाक षड्यंत्र रचकर जलियांवाला बाग में एकत्रित हुए लोगों को चारों ओर से घेरकर बिना किसी पूर्व चेतावनी के अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरू कर दी। उस दर्दनाक हत्याकांड में सैंकड़ों भारतवासी शहीद हो गए थे। हालांकि बाद में उस नृशंस हत्याकांड के सूत्रधार जनरल डायर की हत्या कर उसका बदला ले लिया गया था।

बैसाखी को सूर्य वर्ष का प्रथम दिन माना गया है क्योंकि इसी दिन सूर्य अपनी पहली राशि मेष में प्रविष्ट होता है और इसीलिए इस दिन को ह्यमेष संक्रांतिह्ण भी कहा जाता है। यह मान्यता रही है कि सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करने के साथ ही सूर्य अपनी कक्षा के उच्चतम बिन्दुओं पर पहुंच जाता है और सूर्य के तेज के कारण शीत की अवधि खत्म हो जाती है। इस प्रकार सूर्य के मेष राशि में आने पर पृथ्वी पर नवजीवन का संचार होने लगता है। इस तरह बैसाखी खुशियों का त्यौहार है। बैसाखी का पवित्र दिन हमें गुरू गोबिन्द सिंह जैसे महापुरूषों के महान आदर्शों एवं संदेशों को अपनाने तथा उनके पद्चिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित करता है और हमें यह संदेश भी देता है कि हमें अपने राष्ट्र में शांति, सद्भावना एवं भाईचारे के नए युग का शुभारंभ करने की दिशा में सार्थक पहल करनी चाहिए। (लेखक 35 वर्षों से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

जाति की जंजीरें: आजादी के बावजूद मानसिक गुलामी

प्रियंका सौरभ

भारत, जिसे आध्यात्मिकता और विविधता का देश कहा जाता है, अपने भीतर विरोधाभासों का ऐसा संसार छुपाए बैठा है जो कभी-कभी चौंका देता है। एक ओर हम विज्ञान, तकनीक, अंतरिक्ष और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर सामाजिक और सांस्कृतिक परतों में आज भी मध्ययुगीन सोच जड़ें जमाए बैठी है।

एक ही समाज में ऐसे दृश्य देखने को मिलते हैं, जहां लोग किसी बाबा के चरणामृत को 'अमृत' मान कर पी जाते हैं, यहां तक कि गोमूत्र और गोबर को औषधि बता कर सेवन करते हैं; और उसी समाज में एक दलित के हाथ का पानी पीना 'पाप' मान लिया जाता है। यही वह विडंबना है जिसे इस तीखे वाक्य ने पूरी ताकत से उजागर किया है- 'आस्था पेशाब तक पिला देती है, जाति पानी तक नहीं पीने देती।' यह पंक्ति महज व्यंग्य नहीं, बल्कि भारतीय समाज की गहराई से जमी हुई दो बड़ी बीमारियों की पहचान है-एक है अंधविश्वास में डूबी आस्था और दूसरी है जातिगत भेदभाव। दोनों ही एक हद तक इंसानियत, तर्कशक्ति और समानता के मूल सिद्धांतों को चुनौती देती हैं। आस्था किसी भी समाज की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रीढ़ होती है। यह इंसान को एक उद्देश्य देती है, उसे नैतिकता और आत्मबल प्रदान करती है। लेकिन जब यही आस्था तर्क, विज्ञान और मानवाधिकारों की सीमा लांघ कर अंधश्रद्धा में बदल जाती है, तब खतरनाक रूप ले लेती है। भारत में ऐसे अनेक उदाहरण हैं जहां धर्मगुरु ओं ने अनुयायियों को गोमूत्र पीने, मल-मूत्र का सेवन करने, या स्वयं को 'भगवान' घोषित कर देने जैसे कृत्य करवाए और लोग आंख मूंद कर उनका पालन करते रहे। एक बाबा द्वारा 'चमत्कारी जल' के नाम पर अपना पेशाब पिलाने की खबरें भी समय-समय पर आती रही हैं। श्रद्धालु इसे 'आशीर्वाद' मान कर पीते हैं, और मीडिया जब इन घटनाओं पर सवाल उठाता है, तो आरोप लगाया जाता है कि वह धर्म का अपमान कर रहा है। यह कैसी आस्था है जो इंसान को अपनी सोच और विवेक को पूरी तरह त्यागने को विवश कर देती है? कैसी श्रद्धा है जो सवाल उठाने वालों को अपराधी बना देती है?

अब बात करें उस दूसरी बड़ी सामाजिक बीमारी जातिवाद की। भारत में जाति ऐसी संरचना है जो जन्म के आधार पर व्यक्ति की सामाजिक हैसियत, पेशा, अधिकार और यहां तक कि जीवनझमरण के अवसर भी तय करती है। भारतीय संविधान ने भले ही जातिवाद को गैर-कानूनी घोषित कर दिया हो लेकिन सामाजिक मानसिकता में इसकी जड़ें आज भी बेहद गहरी हैं। आज भी देश के कई हिस्सों में दलितों को मंदिरों में प्रवेश नहीं मिलता, उनके लिए अलग कुएं या नल होते हैं, स्कूलों में उनके बच्चों को अलग बैठाया जाता है, और उनके स्पर्श मात्र से वस्तुएं 'अपवित्र' मानी जाती हैं। हाथ से मैला उठाने जैसी अमानवीय प्रथा आज भी समाप्त नहीं हुई है। ऐसे उदाहरण रोज सामने आते हैं जब दलित को ऊंची जाति की लड़की से प्रेम करने के लिए मार दिया जाता है, या किसी गांव में सिर्फ इस वजह से घरों में आग लगा दी जाती है कि उन्होंने 'मयार्दा' लांघी। कितना त्रासद है कि वही समाज जो गोमूत्र को औषधि मान सकता है, वह एक इंसान के छूने मात्र से पानी को अपवित्र मानता है। इस विरोधाभास की जड़ें कहीं और नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक संरचना में छिपी हुई हैं।

शिक्षा वह उपकरण है जो समाज को तर्कशील और न्यायप्रिय बनाता है। लेकिन भारत की शिक्षा व्यवस्था में तर्क और मानवाधिकार की शिक्षा बहुत सीमित है। हम बच्चों को विज्ञान पढ़ाते हैं, लेकिन उनकी सोच में वैज्ञानिक दृष्टिकोण नहीं भरते। उन्हें नैतिक शिक्षा देते हैं, लेकिन जातिवाद और सामाजिक न्याय के सवालों पर चुप रहते हैं। समाज भी अपनी सुविधानुसार संवेदनशीलता चुनता है। गोमूत्र बेचने वाले को 'आधुनिक ऋषि' कहा जाता है, लेकिन मैनहोल की सफाई करते मजदूर की मौत पर कोई आवाज नहीं उठती। बच्चों को बचपन से सिखाना जरूरी है कि आस्था का मतलब अंधश्रद्धा नहीं होता, और हर इंसान समान है। जाति आधारित भेदभाव के खिलाफ बने कानूनों को सिर्फ कागज पर नहीं, जमीन पर भी लागू करना होगा। मीडिया को इस विषय पर ईमानदार विमर्श शुरू करना चाहिए। जाति की संरचना अगर किसी को उसका मानवाधिकार नहीं देती तो वह टूटनी ही चाहिए। इसलिए आज की सबसे बड़ी जरूरत है कि हम इस पाखंड को पहचानें और उसके खिलाफ बोलें। इंसान की पहचान उसकी जाति से नहीं, उसके कर्म और चरित्र से हो-यही असली धर्म है, यही सच्ची आस्था है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

Father, son led from the front

WHEN and how did Lt Gen Rostum Kaikhushru Nanavatty learn to “shoot straight”? He imbibed that quality and other outstanding ones from his father, Kaikhushru Nanavatty.

The senior Nanavatty retired as the Inspector General (IG) of Police, Maharashtra. I was in my mid-thirties when I was appointed the last Superintendent of Police (SP) of the city of Poona (now Pune). Rostum’s father was the head of the state police then. There were no DGPs in the 1960s. That nomenclature became prevalent in the early 1980s.ooking back, I realised that it must have been Rostum’s father who recommended me for an appointment that was till then the prerogative of officers much senior to me in service. I had absolutely no idea of being shifted from my place of posting, Sholapur. I only learnt about the shift when I opened the dak (mail) that was sent to me by my office while I was inspecting the rural police station of Akalkot on the Maharashtra-Karnataka border.

